

हरिभूमि
रायपुर भूमि





दौरे पर गए गृहमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अभ्यर्थियों से की चर्चा

# 6 साल से एसआई बनने की राह देख रहे युवाओं का सब्र छलका, गृहमंत्री के बंगले के सामने बैठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

## रिजल्ट अब तक जारी नहीं, कई सालों से अटका है मामला

छत्तीसगढ़ में एक बार फिर एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बार अभ्यर्थी गृहमंत्री विजय शर्मा के बंगले के बाहर बैठकर धरना देकर रिजल्ट घोषित करने की मांग कर रहे थे। सैकड़ों की संख्या में अभ्यर्थी धरने पर बैठे हुए हैं, इनके हाथों में तख्ती है, जिसमें इन्होंने जल्द





रिजल्ट घोषित करने की मांग की है। उनके बंगले के स्टाफ ने इसकी सूचना गृहमंत्री को दी, तब उन्होंने अभ्यर्थियों से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए बातचीत की। उन्होंने अभ्यर्थियों की चिंताओं और सवालों का समाधान किया और उन्हें आश्वस्त किया कि वे अभी बाहर हैं, भर्ती परीक्षा का रिजल्ट को लेकर कुछ कानूनी समस्याओं के कारण रुका हुआ है। समाधान के बाद जारी जारी कर दिया जाएगा। उन्होंने उनसे धैर्य बनाए रखने की अपील की और ▶▶|शेष पेज 13 पर

### ये है मामला

साल 2018 में छत्तीसगढ़ में एसआई भर्ती परीक्षा का विज्ञापन भाजपा शासन काल में निकाला गया था, इसके बाद कांग्रेस की सरकार आ गई। 5 साल बीत गए। एक बार फिर भाजपा सरकार आ गई। हालांकि एसआई रिजल्ट की घोषणा अब तक नहीं हुई। इसके बाद साल 2022 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार के दौरान जून-जुलाई 2022 में शारीरिक नापजोख, 29 जनवरी 2023 को प्रारम्भिक परीक्षा आयोजित की गई थी। वहीं पिछले साल 26 से 29 मई तक मुख्य परीक्षा चली। शारीरिक दक्षता परीक्षा पिछले साल 18 से 30 जुलाई तक हुई और साक्षात्कार परीक्षा पिछले साल 17 अगस्त से 8 सितंबर तक आयोजित की गई। 8 माह बीत जाने के बाद भी रिजल्ट की घोषणा नहीं हुई है। 1300 से अधिक लोगों ने ये परीक्षा दी थी।

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
98062 87706
Website : ssscn.ac.in

B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
▸कोपा ▸इलेक्ट्रिशियन
▸हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸डीजल मैकेनिक
▸फायर टेक्नालॉजी
▸स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि - 30/08/24

मेडिकल एमडी-एमएस सीटों पर प्रवेश सितंबर के दूसरे सप्ताह में संभव

# मेडिकल पीजी में टॉप पर मेडिसिन, आर्थो और सर्जरी, इमरजेंसी से दूर रहने रेडियो, पैथोलॉजी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

क्लीनिकल मामलों की ज्यादा डिमांड की वजह से मेडिकल की पीजी पढ़ाई के लिए मेडिसिन, आर्थो, सर्जरी जैसे विषयों के प्रति आकर्षण तो है ही, मगर इमरजेंसी ड्यूटी से बचने के लिए रेडियो डायग्नोसिस, स्किन के साथ नॉन क्लीनिकल विषयों की तरफ भी छात्रों का रुझान बढ़ा हुआ है। राज्य के तीन निजी और छह शासकीय मेडिकल कालेज में पीजी की इस बार 460 सीटें हैं, जिसमें एडमिशन सितंबर के दूसरे सप्ताह से संभावित है।

चिकित्सा की पढ़ाई करने वालों के लिए मेडिकल और डेंटल कालेजों में प्रवेश का दौर प्रारंभ हो चुका है। यूजी एडमिशन के लिए आवटंन सूची तैयार की जा रही है तो एमडीएस प्रवेश के लिए मॉपअप राउंड की प्रक्रिया पूरी हो रही है। मेडिकल पीजी यानी एमडी-एमएस प्रवेश के लिए नीट का परिणाम घोषित हो चुका है और माना जा रहा है कि सितंबर के दूसरे सप्ताह तक इसकी प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। राज्य में वर्ष 2024-25 शिक्षण सत्र में पीजी की कुल 460 सीटों पर एडमिशन होगा। एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर चुके छात्रों द्वारा अपने पसंदीदा विषयों में विशेषज्ञ की दक्षता हासिल करने के लिए एमडी अथवा एमएस की पढ़ाई करेंगे। सूत्रों के अनुसार पीजी के लिए मेडिसिन, हड्डी रोग, जनरल सर्जरी, ईएनटी, नेत्र रोग, पीडियाट्रिक जैसे विषय काफी समय से आकर्षण का केंद्र रहते हैं, मगर कुछ सालों से रेडियो डायग्नोसिस, त्वचा रोग, पैथालॉजी जैसे विषय भी छात्रों की पसंद बनते जा रहे हैं। इसकी मुख्य वजह इमरजेंसी ड्यूटी की आपाधापी से अलग सुकून भरी ड्यूटी को प्राथमिकता देना है। यूजी की तरह पीजी मामले में भी रायपुर का मेडिकल कालेज छात्रों की प्राथमिकता है यहां विभिन्न विषयों में डेढ़ सौ सीटों में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी होगी।

## राज्य के तीन निजी सहित नौ मेडिकल कालेजों में पीजी की 460 सीटें



### कहां कितनी सीट

| | |
|---|---|
| रायपुर | 150 |
| बिलासपुर | 53 |
| अंबिकापुर | 43 |
| रायगढ़ | 24 |
| राजनांदगांव | 11 |
| जगदलपुर | 10 |
| निजी कालेजों में | 169 |

### प्राथमिकता क्लीनिकल

सूत्रों के अनुसार पीजी की पढ़ाई पूरी करने के लिए प्राथमिकता क्लीनिकल विषयों की दी जाती है। इसके माध्यम से चिकित्सक संबंधित विषयों में विशेषज्ञता हासिल करते हैं और उनके पास शासकीय के साथ निजी सेक्टर में भी बेहतर सेवा का मौका होता है। नॉन क्लीनिकल विषयों में पढ़ाई पूरी करने वालों को शासकीय शिक्षण संस्थानों में सेवा देने का मौका मिलता है। पिछली बार रायपुर मेडिकल कालेज में सात सीटें खाली रह गई थीं जो नॉन क्लीनिकल से संबंधित थीं।

### विदेशी डिमांड पर निर्भर लोकप्रियता

*चिकित्सा शिक्षा से जुड़े सूत्रों के अनुसार देश में पीजी विषयों की लोकप्रियता विदेशी डिमांड पर निर्भर होती है। दूसरे देशों में चिकित्सा विशेषज्ञों की कमी को दूर करने के लिए संबंधित विषयों के चिकित्सकों को आकर्षक पैकेज के साथ सुविधा दी जाती है। इसकी वजह से संबंधित विषयों की डिमांड भारत में बढ़ जाती है। कुछ साल पहले त्वचा रोग में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी करने छात्रों में काफी रुझान देखने को मिला था।*

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बाद पहली ग्रेडिंग मंहत कॉलेज की, अगले सप्ताह आएगी नैक टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बीते वर्ष रविवि आई थी नैक टीम, ए से बी ग्रेड में पहुंच गया था विवि

नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के साथ ही एक बार फिर से प्रदेश के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में नैक ग्रेडिंग का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। राजधानी के शीर्ष-5 महाविद्यालयों में से एक महंत महाविद्यालय में नैक टीम का दौरा 4 व 5 सितंबर को होगा। इसके पूर्व महाविद्यालय द्वारा परिसर के रंग-रोगन के साथ ही कई अन्य तैयारियों को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। फिलहाल महाविद्यालय को नैक द्वारा बी ग्रेड प्राप्त है। 2019 में निरीक्षण के बाद नैक टीम ने यह ग्रेड महाविद्यालय को प्रदान किया था। एनुअल असेसमेंट रिपोर्ट पहले ही महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा भेजी जा चुकी है। तय मानकों के अनुसार सात बिंदुओं पर कॉलेज को अंक दिए जाएंगे। इनमें महाविद्यालय के रिसर्च कार्य, छात्रों को दी जाने वाली सुविधा, प्लेसमेंट सहित कई अन्य चीजें शामिल हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.देवाशीष मुखर्जी के अनुसार, कॉलेज द्वारा तैयारी पहले ही की जा चुकी है। टीम अगले सप्ताह आएगी। इस बार ग्रेडिंग में सुधार की उम्मीद प्रबंधन को है।



फिलहाल महाविद्यालय को प्राप्त है बी ग्रेड

### दुर्गा महाविद्यालय भी कतार में

*महंत कॉलेज के अलावा दुर्गा महाविद्यालय की ग्रेडिंग भी इस वर्ष होनी है। दुर्गा महाविद्यालय की ग्रेडिंग पिछली बार 2019 में हुई थी, जब महाविद्यालय प्रबंधन को सी ग्रेड प्रदान किया गया था। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद यह पहली बार है, जब नैक ग्रेडिंग के लिए आ रही है। पिछले वर्ष रविवि की ग्रेडिंग नैक टीम ने की थी। तब विवि ए से बी ग्रेड पर पहुंच गया था।*

## खबर संक्षेप

### राजकुमार शर्मा लोक अभियोजक नियुक्त



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के विधि और विधायी कार्य विभाग मंत्रालय ने बुधवार को एक आदेश जारी कर राजकुमार शुक्ला को रायपुर जिला न्यायालय के लिए आगामी आदेश तक लोक अभियोजक नियुक्त किया है। श्री शुक्ला, मनोज वर्मा की जगह रायपुर जिला न्यायालय के नए लोक अभियोजक होंगे।

### बाइक टकराने के विवाद पर छात्र पर चाकू से हमला



**रायपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में मंगलवार को बाइक टकराने के विवाद पर कोचिंग से लौट रहे छात्र पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। घटना में शामिल एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सीए की पढ़ाई कर रहा छात्र उत्तम द्विवेदी कोचिंग से लौट रहा था। इसी दौरान बूढ़ापारा बिजली ऑफिस चौक के पास उत्तम की बाइक की एक अन्य बाइक से टक्कर हो गई। इस बात को लेकर बाइक सवार युवक ने उत्तम के साथ गाली-गलौज करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया।

### साढ़े तीन लाख की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** मौदहापारा थाना क्षेत्र स्थित जयराम कांपलेक्स में संचालित एक ऑफिस में कैश सहित साढ़े तीन लाख रुपए के कम्प्यूटर, प्रिंटर तथा मोबाइल चोरी के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक साइबर एक्सपर्ट और जैन साफ्टवेयर फाउंडेशन का डायरेक्टर सोहेल खान की शिकायत पर पुलिस ने गुढ़ियारी निवासी गणेश वर्मा को गिरफ्तार किया है।







# जन्माष्टमी पर विवाद, दो पक्षों में बलवा, जमकर चले ईंट-पत्थर











हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- आजाद चौक थाना क्षेत्र का मामला
- दोनों पक्षों के खिलाफ मारपीट, बलवा सहित कई गंभीर धराओं के तहत अपराध दर्ज

आजाद चौक थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी विवाद को लेकर गुजराती समाज के दो पक्षों में विवाद ने बुधवार को बलवा का रूप धारण कर लिया। विवाद के कारण दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर जमकर ईंट, पत्थर बरसाए। साथ ही बलवाई घातक हथियार के साथ बवाल करते रहे। घटना के बाद क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर पुलिस ने मामला शांत कराते हुए बलवा करने वाले लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक बलवा करने के आरोप में दोनों पक्षों के दो दर्जन से ज्यादा लोगों के खिलाफ नामजद तथा अन्य के ▶▶|शेष पेज 13 पर

### तीसरे दिन दोनों पक्ष हिंसक हो गए

*जन्माष्टमी के दिन हुए विवाद और पुलिस की दखलंदाजी के बाद मामला ऊपरी तौर पर शांत हो गया था। बुधवार को दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए एक दूसरे के साथ गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे के साथ हाथापाई करने के साथ एक दूसरे पर जमकर ईंट, पत्थर बरसाने लगे। पथराव, चाकूबाजी की घटना में एक का हाथ टूट गया, जबकि एक के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं, दोनों पक्षों के आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।*

# मवेशी ट्रांसपोर्ट करने वाले ड्राइवर तथा साथियों की हत्या के आरोपियों को मिली जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरंग थाना क्षेत्र में दो माह पूर्व मवेशी तस्करी के आरोप में पेशे से मवेशी काराबोरी चांद मिया तथा उसके दो अन्य साथियों की महानदी पुल से गिरकर मौत के मामले में गिरफ्तार आरोपियों की अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश निधि शर्मा की कोर्ट ने जमानत दे दी है। पुलिस ने मवेशी कारोबारियों की मौत मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार कर पिछले महीने कोर्ट में चालान पेश किया था। इसके बाद नवीन ठाकुर ने बिलासपुर हाईकोर्ट में जमानन आवेदन पेश किया। हाईकोर्ट से एक आरोपी की जमानत स्वीकृत होने के बाद शेष अन्य को निचली अदालत में जमानत मिल गई। मवेशी कारोबारियों की मौत मामले में कोर्ट ने जिन चार लोगों को जमानत दी है, उनमें तनय लुनिया, राजा अग्रवाल, मयंक शर्मा तथा हर्ष मिश्रा के नाम शामिल हैं। कोर्ट ने चारों को मंगलवार को जमानत दे दी थी, बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद तनय तथा उसके अन्य साथी बुधवार को जेल से रिहा किए गए। जमानत मिलने के बाद हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने तनय तथा उसके अन्य साथियों का स्वागत करते हुए बैजनाथ मंदिर लेकर पहुंचे।



### खास बातें

- आरंग थाना क्षेत्र में ड्राइवर तथा उसके दो अन्य साथियों की पुल से गिरकर हुई थी मौत
- पशु तस्करी करने के आरोप में हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने ट्रक का पीछा किया था, तब घटना घटित हुई थी

# मरीजों की जान जोखिम में डालने वाले झोलाछाप डाक्टरों की पहचान के लिए दवाखानों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इलाज के नाम पर मरीज की जान जोखिम में डालने वाले झोलाछाप डाक्टरों की पहचान के लिए जांच अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ग्रामीण इलाकों में संचालित डिस्पेंसरी की जांच कर उनके पंजीयन सहित अन्य दस्तावेजों की जांच कर रही है। गठित टीम अपने-अपने क्षेत्र में करीब दो दर्जन दवाखानों की जांच कर चुकी है, जिनमें से कुछ दस्तावेज पेश करने कहा गया है।

झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने गंभीरता दिखाई है और मरीजों को गलत दवा और उससे होने वाले विपरीत परिणाम से बचाने के लिए ऐसे चिकित्सकों के खिलाफ अभियान चलाने निर्देश जारी किया है। शासकीय स्तर पर पंजीयन नहीं होने के साथ ही किसी भी पैथी की डिग्री नहीं होने के बाद भी इलाज करने वालों को झोलाछाप डाक्टरों की श्रेणी में रखा जाता है। विभाग के पास ऐसे डाक्टरों की कोई सूची नहीं है। कार्रवाई के लिए इनकी पहचान होना जरूरी है और इसके लिए रायपुर जिले में सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में संचालित होने वाले दवाखाने में जाकर टीम उनके पंजीयन सहित अन्य दस्तावेजों की जांच कर रही है। जिन चिकित्सकों के पास दस्तावेज अधूरे हैं अथवा पंजीयन नहीं है, ऐसे लोगों की रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय प्रेषित की जा रही है।



### जांच टीम का गठन

झोलाछाप डाक्टरों की पहचान के लिए विभिन्न ब्लाक में स्वास्थ्य विभाग की टीम अपने स्तर पर काम कर रही है। वहीं जिला और पुलिस प्रशासन के सहयोग से धरसींवा विकासखंड में दो अलग-अलग टीम का गठन किया गया है, जो इसी तरह की जांच कर रही है। विभाग द्वारा अब तक करीब दो दर्जन दवाखानों की जांच की जा चुकी है और कुछ को दस्तावेज पेश करने की मोहलत भी दी गई है।

### जांच कर रहे

झोलाछाप डाक्टरों की अलग से किसी तरह की सूची नहीं है। इनकी पहचान के लिए विभागीय टीम ग्रामीण इलाकों में जाकर जांच कर रही है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

- डॉ. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ रायपुर

### औषधि विभाग की कार्रवाई

रायपुर जिले में पिछले दिनों दो झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ कार्रवाई औषधि विभाग की टीम द्वारा की गई थी। आरंग ब्लाक के ग्राम नरदहा में लाइफ केयर क्लीनिक में डा. नीलकमल साहू द्वारा मरीजों का इलाज किया जाता था। वहीं बीरगांव में डॉ. मुकुंद मेश्राम द्वारा मेश्राम दवाखाना का संचालन किया जाता था। उन पर बिना ड्रग लाइसेंस के भारी मात्रा में दवा खरीदने के मामले में कार्रवाई की गई थी। दोनों चिकित्सकों के पास लाखों रुपए की दवा बरामद की गई थी।

# वर्षा की गतिविधि में आज से वृद्धि के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम और उसके ओडिशा की ओर आगे बढ़ने की संभावना के साथ प्रदेश में बारिश की गतिविधि में आज से बढ़ोतरी होने के आसार हैं। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटे में वर्षा की गतिविधि सीमित रही और शहर का तापमान सामान्य से तीन डिग्री तक बढ़ गया। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार सिस्टम के दो दिन में ओडिशा और आंध्रा तट तक पहुंचने के आसार हैं। इससे बारिश की गतिविधि में बढ़ोतरी होगी। इस सिस्टम के अलावा अन्य स्थानों पर मौसमी तंत्रिका विकसित हुआ है, जिसके प्रभाव से राज्य में अगले दो तीन दिनों तक अच्छी बारिश की संभावना बन रही है। पिछले चौबीस घंटे में राज्य के सीमित स्थानों पर बारिश हुई और सर्वाधिक आंकड़ा पांच सेमी. तक पहुंच पाया। शहर में आज भी तेज ▶▶|शेष पेज 13 पर



पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

# नगरीय प्रशासन : तबादलों के हफ्तेभर बाद एक दर्जन से अधिक के आदेश बदले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में हफ्ताभर पहले किए गए तबादला आदेश में कई संशोधन कर दिए गए हैं। बताया गया है कि एक दर्जन से अधिक अधिकारियों कर्मचारियों को जहां पदस्थ किया गया था, अब उन्हें वहां से हटाकर तबादला आदेश संशोधित कर दिया गया है। इसी बीच विभाग ने दो और तबादला सूची जारी कर दी है।

## इन तबादला आदेश में संशोधन

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा 27 अगस्त को जारी तबादला सूची में 13 अधिकारियों कर्मचारियों को स्थानांतरित किया गया है। इसी सूची में 21 अगस्त को जारी तबादला आदेश का संशोधन भी जारी किया गया है। संशोधित तबादला सूची के मुताबिक भूपेंद्र उपाध्याय मुख्य नगर पालिका अधिकारी बेमेतरा को रतनपुर में पदस्थ किया गया था। अब इन्हें बिलासपुर में जोन आयुक्त बनाया गया है। ओमप्रकाश शर्मा प्रभारी सीएमओ सीतापुर को राजपुर में पदस्थ करने का आदेश निरस्त किया गया है। पुष्पा खलको को सीएमओ को भटगांव को सीतापुर में पदस्थ करने का आदेश था, अब इन्हें अंबिकापुर में राजस्व अधिकारी बनाया गया है। मुक्ता सिंह प्रभारी सीएमो को खोंगापानी में राजस्व उपनिरीक्षक बनाया गया था, अब इन्हे प्रभारी सीएमओ के रूप में मनेंद्रगढ़ में पदस्थ किया गया है। टामसन रात्रे सीएमओ महासमुंद को नरियारा में पदस्थ करने के आदेश में संशोधन करते हुए रायपुर निगम में राजस्व अधिकारी बनाया गया है। हेमलता जैन लेखापाल बालोद को प्रभारी सीएमओ डौडी लोहारा बनाया गया था, अब उन्हें यथावत बालोद में रखा गया है। मनीष कुमार सीएमओ को दल्ली राजहरा में पदस्थ करने का आदेश बदलते हुए अब उन्हें दुर्ग निगम में सचिव बनाया गया है। राकेश साहू राजस्व निरीक्षक कुम्हारी को शिवरीनारायण में प्रभारी सीएमओ बनाया गया था, अब उन्हें यथावत रखा गया है। अंजना वाईकिल्फ सीएमओ नई लेदरी को बैकुंठपुर पदस्थ करने का आदेश निरस्त करते हुए यथावत रखा गया है। संजय दुबे प्रभारी सीएमओ को नई लेदी में पदस्थ किया गया थाा, अब उन्हें बैकुंठपुर में प्रभारी सीएमओ बनाया गया है। विनम्र कुमार जेमा लेखापाल को डोंगरगांव से राजनांदगांव स्थानांतरित किया गया था, अब उन्हें प्रभारी सीएमओ डोंगरगांव पदस्थ किया गया है। रामवन प्रसाद नेता प्रभारी सीएमओ मारो को बोदरी में राजस्व उपनिरीक्षक बनाया गया था, अब उन्हें नरियारा में प्रभारी सीएमओ बनाया गया है।

### कई अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादले भी



### जारी हुई ये नई तबादला सूची

*नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 27 तारीख देर रात दो तबादला सूची जारी की है। विष्णु प्रसाद गहरवार प्रभारी सीएमओ को स्वच्छता निरीक्षक के मूल पद पर कसडोल में पदस्थ किया गया है। इशहाक खान प्रभारी सीएमओ मनेंद्रगढ़ से बैकुंठपुर, दादू सिंह प्रभारी सीएमओ डोंगरगांव से से चारामा, शिवप्रकाश उर्मलिया लेखापाल लोरमी से जनकपुर, तेजस्वी राज पटनायक सफाई दरोगा कुनकुरी से सहायक निरीक्षक कुसमी, रघुनाथ सिंह भदौरिया सफाई दरोगा कुनकुरी से साहयक राजस्व निरीक्षक कुसमी, प्रोद कुमार चक्रधारी सफाई दरोगा सूरजपुर से प्रतापपुर, हृदयलाल जायसवाल सफाई दरोगा चंदखुरी से रोहासी, सुरेश प्रसाद सिंह वाहन चालक जगदलपुर से रायगढ़, राकेश झलके पंप ऑपरेटर जगदलपुर से रायगढ़। खेल कुमार पटेल सीएमओ आरंग से समोदा, शीतल चंद्रवंशी सीएमो समोदा से आरंग, अमलदीप मिंज सीएमओ वाड्रफनगर से से पेंड्रा, चंन मानकर सीएमओ भखारा से फिंगेश्वर, कन्हैया निर्मलकर प्रभारी सीएमओ पेंड्रा से रतनपुर, भूपेंद्र कुमार वार्डेकर समाज कल्याण अधिकारी राजनांदगांव से प्रभारी सीएमओ दल्ली राजहरा, संतोष विश्वकर्मा प्रभारी सीएमओ फिंगेश्वर से भखारा, दयाशंकर गुप्ता सहायक वर्ग 2 राजपुर से प्रभारी सीएमओ वाड्रफनगर, योगेंद्र कुमार कर्ष प्रभारी सीएमओ बिलाईगढ़ से जैजेपुर, संतोष स्वर्णकार सहायक वर्ग 2 रायपुर से प्रभारी सीएमओ शिवरीनारायण, केशराम साहू सहायक वर्ग 2 फिंगेश्वर से प्रभारी सीएमओ देवकर, रविंद्र लाल सहायक राजस्व निरीक्षक अंबिकापुर से प्रभारी सीएमओ राजपुर, अशोक चौबे सहायक राजस्व निरीक्षक राजनांदगांव से प्रभारी सीएमओ डौंडीलोहारा बनाए गए हैं।*

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री को नुआखाई शोभा यात्रा का न्योता

**रायपुर**। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में नुआखाई शोभायात्रा संचालन समिति रायपुर के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को नुआखाई पर्व शोभायात्रा के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री को समिति के सदस्यों ने बताया कि आगामी 3 सितम्बर को शाम 5 बजे राजधानी रायपुर के ग्रास मेमोरियल खेल मैदान में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### आज जनदर्शन स्थगित

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हर सप्ताह गुरुवार को होने वाला जनदर्शन इस गुरुवार को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

### एबीजी किट उपलब्ध नहीं करा पा रही सरकार

**रायपुर**। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा, भाजपा की सरकार आते ही स्वास्थ्य सुविधा लाचार हो गई है। हार्ट की सर्जरी कराने वाले 200 मरीज भटक रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग में इन मरीजों की हार्ट सर्जरी करने के लिए एबीजी किट नही हैं। उन्होंने बताया कि किट न होने से मरीजों की ओपन हार्ट सर्जरी प्रभावित हो रही है। यह किट सर्जरी के दौरन मरीजों के रक्त में मौजूद ऑक्सीजन और कार्बन डाइऑक्साइड को परखने के लिए महत्वपूर्ण होती है। किट के अभाव से मरीजों की सर्जरी शुरू नहीं हो पा रही है, जो पिछले तीन महीनों से अटकी पड़ी है। भाजपा सरकार को जनता के जीवन से कोई लेना देना नहीं है। ये पोस्टर वाली सरकार है। जनता को अब समझने की जरूरत है।

### आज मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ में 29 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के 1 से 19 वर्ष के सभी बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को आंगनबाड़ी केन्द्रों, शासकीय विद्यालयों, स्वास्थ्य केन्द्रों, अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों में कृमि की दवा का सेवन कराया जाएगा। बच्चों व किशोरों के अच्छे स्वास्थ्य, बेहतर पोषण,नियमित शिक्षा तक पहुंच और जीवन की गुणवत्ता में बढ़ोत्तरी के लिए कृमिनाशक दवा देना आवश्यक है।

### श्रीराधा-कृष्ण की भव्य शोभायात्रा आज

**रायपुर**। यादव ठेठवार समाज रायपुर राज युवा प्रकोष्ठ की ओर से 29 अगस्त को श्रीराधा-कृष्ण की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा राज मुख्यालय भवन महादेवघाट रायपुरा से दोपहर 12 बजे से निकाली जाएगी। समाज के राज अध्यक्ष संतोष यदु एवं युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष महेश यादव ने बताया कि यह शोभायात्रा राज मुख्यालय भवन से डीडी नगर थाना के पास से वापस सामाजिक भवन में पहुंचेगी। भवन में मटकी फोड़ एवं विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्धजनों, श्रीकांत यदु सहित समाज के लोग भारी संख्या में शामिल होंगे।

## ज्यादा क्वांटिटी वाले 3 मिलर की बैंक गारंटी जब्त कर की गई वसूली

# एक साल बाद भी जमा नहीं हुआ कस्टम मिलिंग का 1166 टन चावल, अब 25 मिलरों से की जा रही रिकवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर जिले में पिछले वर्ष धान के बदले चावल जमा करने वाले 25 मिलर एक साल बाद भी 1166 टन चावल जमा नहीं कर पाए हैं। खाद्य विभाग की टीम ने हाल ही में कुछ मिलर्स के यहां दबिश देकर जांच की थी। इस जांच में एक मिलर्स के यहां पिछले वर्ष का साढ़े तीन हजार क्विंटल चावल बरामद किया है। इस कार्रवाई के बाद जिला विपणन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है, क्योंकि इसके अलावा 24 अन्य मिलरों ने भी पिछले वर्ष का चावल जमा नहीं किया है। इधर विपरण विभाग के अधिकारी ने 25 मिलर्स द्वारा 1166 टन चावल जमा नहीं करने की पुष्टि करते हुए कहा कि सभी मिलर्स से चावल के बदले में राशि वसूल की जा रही है। इनमें 3 मिलर्स ऐसे हैं, जिनके द्वारा सबसे ज्यादा मात्रा में चावल जमा नहीं कराया गया है। इन मिलर्स की बैंक गारंटी के रूप में जमा राशि आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर भी करा लिया है, वहीं अन्य मिलर्स से रिकवरी के लिए उनके द्वारा दिए जाने वाले बिलों में समायोजन किया जा रहा है।

समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान को शासन के नियमों के तहत पंजीकृत मिलर्स को मिलिंग के लिए प्रदाय किया जाता है। इसका चावल बनाकर समयावधि में मिलर्स को जमा करना होता है, लेकिन इस मिलिंग कार्य में राइस मिलर्स लापरवाही बरत रहे हैं। मिलर्स द्वारा समय पर चावल जमा नहीं किया जा रहा है। इधर कस्टम मिलिंग का चावल समय पर जमा हो, इसके लिए खाद्य विभाग अब मिलर्स के खिलाफ सख्त रवैया अपना रहा है। इसके तहत विभाग अब उन मिलर्स के यहां दबिश देकर कार्रवाई भी कर रहा है, जिनके द्वारा समय पर चावल जमा नहीं किया जा रहा है। इस कार्रवाई से मिलर्स से लेकर विपणन विभाग में भी हड़कंप मचा हुआ है, क्योंकि कहीं न कहीं विपणन विभाग द्वारा भी मिलर्स पर समय पर चावल बनाने के लिए दबाव नहीं बनाया जा रहा है। यही कारण है कि वर्ष 2022 में धान उठाने के बाद बदले में चावल जमा करने वाले 25 मिलर्स द्वारा एक साल बाद भी 1166 टन चावल चावल जमा नहीं किया गया है।

### 30 सितंबर तक करना होता है चावल जमा

समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी के बाद सोसाइटियों से पंजीकृत मिलर्स द्वारा धान का उठाव किया जाता है। धान का उठाव के बाद मिलर्स को धान को मिलिंग कर बदले में चावल जमा करने के लिए 30 सितंबर तक का समय दिया जाता है। इस तरह मिलर्स को चावल जमा करने के लिए करीब 6-8 माह का समय दिया जाता है। इसके बाद भी कई मिलर्स समय पर चावल जमा नहीं कर पाते।

### रिकवरी की जा रही

समय पर धान के बदले चावल नहीं करने पर रिकवरी करने का प्रावधान है। 25 में से 3 मिलर्स द्वारा ज्यादा मात्रा में चावल जमा नहीं किया गया। वसूली के लिए उनकी बैंक गारंटी राशि को आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर करा लिया है। शेष 22 मिलर्स से बहुत कम मात्रा में चावल रिकवरी की जानी है, इसलिए मिलिंग बिल में समयोजन किया जा रहा है।

- जसबीर बघेल
जिला अधिकारी
विपणन विभाग रायपुर

### 25 मिलर्स में किसने कितना चावल जमा नही किया

| मिलर्स | चावल (टन में) |
|---|---|
| भोलामल गोकुलदास | 157.71 |
| निर्मला राइस प्रा.लि. | 125.27 |
| बालाजी राइस मिल | 16.24 |
| नाव्या ट्रेडर्स | 0.36 |
| साइ हनुमंत इंडस्ट्रीज | 0.23 |
| दशमेस इंडस्ट्रीज | 0.15 |
| वर्धमान इंडस्ट्रीज | 0.10 |
| निर्मला राइस प्रा.लि. | 215.74 |
| एसएस सचदेव फुड प्रो. | 0.20 |
| विजय राइस मिल | 0.11 |
| जेडी एग्रो इंडस्ट्रीज-442226) | 394.64 |
| श्यामा राइस इंडस्ट्रीज | 109.66 |
| जेडी इंडस्ट्रीज | 84.35 |
| निर्मला राइस-443352) | 34.90 |
| जेडी इंडस्ट्री-447039) | 20.13 |
| अनुज राइस मिल | 2.87 |
| बालाजी पद्य | 1.79 |
| अंबिका सेल्स | 0.63 |
| साइ हनुमंत इंडस्ट्रीज-448221) | 0.25 |
| साहिल फुड प्रोडक्ट-445808) | 0.20 |
| ग्रो एग्रो फुड | 0.15 |
| अमित एग्रो प्रोसेसिंग | 0.14 |
| मां मौली राइस | 0.12 |
| कैलास राइस मिल | 0.12 |
| गोयल हर्ष | 0.10 |

## भौतिकी विज्ञान को सरल और आनंददायक बनाने के लिए प्रशिक्षण शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भौतिक विज्ञान के मास्टर ट्रेनर का सेवाकालीन प्रशिक्षण एससी ईआरटी रायपुर में पाच दिवसीय 27 से 31 अगस्त के बीच में किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एससी ईआरटी के निर्देशक राजेंद्र कुमार कटरा एवं डिप्टी डायरेक्टर पुष्पा किसपोट्टा के मार्गदर्शन में की जा रही है। इस प्रशिक्षण की प्रभारी पुष्पा चंद्रा एवं विषय संयोजक केके शुक्ला हैं। इस प्रशिक्षण में प्रत्येक जिले के मास्टर ट्रेनर को प्रतिभागी के रूप में बुलाया गया है। इस सेवा कालीन प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य भौतिक विज्ञान शिक्षण को सरल करना तथा कक्षा में प्रभावी शिक्षण के लिए आईसीटी, टीएलएम, एक्टिविटी

आदि विभिन्न शिक्षण प्रविधियों का उपयोग कर प्रशिक्षण देना है। इस प्रशिक्षण के बाद सभी प्रतिभागी फिजिक्स की मूल अवधारणाओं को अपनी कक्षा में प्रभावी ढंग से विद्यार्थियों से अंतरक्रिया कर सरलतम रूप से अधिगम करा सकेंगे तथा बच्चों के अधिगम स्थाई हो सके। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आधार पर भौतिकी कक्षा को उन्नयन एवं परिवर्तन करने की आवश्यकता महसूस की गई है। इस दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में राज्य के उच्च प्रशिक्षण प्राप्त ट्रेनर का चयन किया गया है, जिनमें डॉक्टर राजेश कुमार चंदानी, सपना सोनी, डा. भूपेंद्रधर दीवान, डा. पूनम बिचपुरिया, डा. अंजू अग्रवाल, नवीन खरे एवं विवेक वर्मा हैं। इसके अलावा कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी से भी विद्वान प्रोफेसर का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जिसमें बिलासपुर से डा. कमलेश ठक्कर विशेष रूप से आमंत्रित किए गए हैं।

## सरकार ने जनता को उपहार में दिया सिर्फ अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने रामनगर के ऐतिहासिक कबीर चौक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर भाजपा की सरकार पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा, भाजपा की 8 माह की सरकार ने प्रदेश की जनता को उपहार में उनके विश्वास के बदले में सिर्फ अपराध दिया है। लगातार हत्या, लूट, डकैती, चोरी, चैन स्नैचिंग, नशीले पदार्थ का व्यापार, अवैध शराब बिक्री, जुआं, सट्टा सहित जघन्य अपराध प्रदेश की जनता को उपहार में दिया है। वहीं सरकार के संरक्षण में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

रामनगर की सड़कों में खुले आमहत्या हो जाती है, उसके बाद अपराधी सोशल मीडिया में उसे लाइव भी वायरल कर देता है। कोई अपराधी का पुलिस कार्रवाई होने से पहले ही भाजपा की सरकार की इस पर कोई प्रतिक्रिया भी नहीं होती, बल्कि उनका उल्टा फोन चला जाता है कि उस पर कोई कार्रवाई न की जाये। क्षेत्र के विधायक आंखों पर पट्टी बांधकर बैठे हुए हैं। वहीं कांग्रेस सरकार द्वारा रामनगर में पुलिस चौकी खोलने के लिए निविदा तक की प्रक्रिया हो चुकी थी, उसको तक विधायक अपनी हठधर्मिता के कारण शुरू नहीं होने दे रहे हैं। भाजपा सरकार एवं विधायक की कार्यशैली के खिलाफ आम जनता एवं कांग्रेसजनों ने धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस की सरकार में अपराध व अपराधियों पर पूर्ण नियंत्रण था। पश्चिम विधानसभा, रायपुर शहर सहित पूरे प्रदेश में आपराधिक प्रकरणों में लगातार वृद्धि हो रही है और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। क्या हमने यही दिन देखने के लिए भाजपा सरकार और इन्हें विधायक चुना था।

धरने में विकास उपाध्याय के साथ शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष दाऊलाल साहू, देवकुमार साहू, अशोक सिंह ठाकुर, श्रीकुमार मेनन, बबीता नत्थानी, धनंजय ठाकुर, पार्षद मनीराम साहू सहित अनेक कांग्रेसी मौजूद थे।

## निगम में समीक्षा बैठक




रायपुर। गांधी सदन में आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बुधवार को साप्ताहिक समय सीमा बैठक ली। जिसमें उन्होंने सभी जोन कमिष्नरों को शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। अनुबंधित रामकी कंपनी द्वारा किये जा रहे डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य व रोड के किनारे के सफाई कार्य की मॉनिटरिंग करने हिदायत दी। निगम आयुक्त ने लाखे नगर चौक में लैण्ड स्केपिंग करवाकर चौक को सुंदर बनवाने के निर्देश जोन 5 कमिश्नर विमल शर्मा को दिये है। बैठक में उपस्थित जोन कमिश्नरों को उद्यानों को सुव्यवस्थित स्वरूप देने का कार्य जल्द पूरा कराने निर्देशित किया है।

## भविष्य में ऐसी घटना न हो इसे लेकर निर्देश जारी करने का आग्रह

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज विष्णुदेव को भूपेश ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भिलाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस के लाठीचार्ज का मामला गरमा गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने सख्त दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 27 अगस्त को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा भिलाई-तीन थाना का घेराव व शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करते वक्त पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्वक एवं अनावश्यक लाठी चार्ज से मैं दुखी हूँ। प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर चिंतित भी हूं। एक जनप्रतिनिधि की हैसियत से मेरा यह दायित्व एवं कर्तव्य है कि मैं नागरिकों के साथ हो रहे अत्याचारों के विरुद्ध आवाज उठाऊं तथा शासन को निरंतर उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराता रहूं। दरअसल प्रदर्शनकारियों द्वारा 24 अगस्त को बजरंग दल से जुड़े उग्र युवाओं के समूह द्वारा मेरे काफिले को बीच चौराहे पर रोका गया था। इन युवाओं ने सुरक्षाकर्मियों के साथ झूमाझटकी तथा अभद्र व्यव्हार भी किया था। यह मेरी सुरक्षा में बड़ी सेंध थी।

### अनुविभागीय अधिकारी को दी थी सूचना

इस संबंध में पूर्व में ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भिलाई चरौदा के अध्यक्ष मनोज मढ़रिया के पत्र 25 अगस्त द्वारा संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी भिलाई-3 को सूचित किया गया था, जिस पर उनके द्वारा संदर्भित पत्र 26 अगस्त के माध्यम से विभिन्न अधिकारियों को सूचना दे दी गई थी। उनके द्वारा प्रदर्शन ना करने अथवा उसे स्थगित करने की किसी भी प्रकार की हिदायत कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों को नहीं दी गयी थी।

### आज डीजीपी से मुलाकात करेंगे वरिष्ठ कांग्रेसी

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के काफिले को रोककर और उनके सुरक्षा कर्मियों से धक्का मुक्की करने वालों को चिन्हित करके पहचान बताने पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज और मुकदमा दर्ज करने को लेकर गुरुवार को दोपहर 12 बजे कांग्रेस के नेता डीजीपी से मुलाकात करेंगे। इन नेताओं में विकास उपाध्याय, प्रमोद दुबे, गिरीश दुबे, पंकज शर्मा, कन्हैया अग्रवाल सहित प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## युक्तियुक्तकरण के मुद्दे पर फेडरेशन ने रखा पक्ष, शिक्षा सचिव से हुई लंबी चर्चा

# शिक्षा विभाग में युक्तियुक्तकरण को लेकर सचिव स्तरीय चर्चा बेनतीजा, आंदोलन पर अड़ा फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन सहित अन्य शिक्षक संगठनों की सचिव स्कूल शिक्षा एवं संचालक लोक शिक्षण के साथ हुई बैठक बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई। शिक्षक संगठनों ने पहले विभाग में समस्त पदों पर पदोन्नति किए जाने तथा 2008 के स्कूल शिक्षा विभाग के सेटअप को प्रभावित किए बिना युक्तियुक्तकरण करने की मांग की है। मांग की गई है, इसमें आने वाली विसंगतियों में संशोधन करने बाद इस कार्यवाही को आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने स्कूलों की मर्ज करने की कार्यवाही का विरोध कर निरस्त करने की मांग की। फेडरेशन के इस सुझाव पर शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने स्पष्ट अभिमत नही दिया।



छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की पहल पर शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने चर्चा के लिए आमंत्रित किया था। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, छग सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष मनीष मिश्रा, संयुक्त शिक्षक संघ प्रांताध्यक्ष केदार जैन, प्रदेश शिक्षक महासंघ के प्रांताध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी, शालेय शिक्षक प्रधानपाठक संघ प्रांताध्यक्ष मनोज साहू ने इसमें हिस्सा लिया। स्कूल शिक्षा सचिव और संचालक लोक शिक्षण के साथ हुई चर्चा में युक्तियुक्तकरण से होने वाले विसंगति को लेकर बात रखी गई। विभाग के अधिकारियों ने इस पर सभी लोगों के सुझाव और बताए गए कारणों को सुना। शिक्षक संगठनों ने साफ कहा कि सभी पदों पर पदोन्नति के बाद युक्तियुक्त करण की विसंगति को दूर कर इस कार्रवाई को आगे बढ़ाया जाए। वहीं स्कूलों को मर्ज किए जाने का विरोध किया। स्कूलों के लिए जो सेटअप पूर्व में तैयार किया गया है, उसे यथावत रखा जाए।

### शैक्षिक संगठनों की बैठक शीघ्र

फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने कहा, शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को गुणवत्ता युक्त अध्यापन से वंचित करने वाले युक्तियुक्तकरण नीति पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो आगामी 16 सितंबर को इसके विरोध में नया रायपुर में धरना, प्रदर्शन होगा। आंदोलन के संबंध में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन से संबद्ध सभी शैक्षिक संगठनों की बैठक फेडरेशन के प्रांतीय कार्यालय में शीघ्र होगी, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी।

बीसवीं पुण्यतिथि



स्व. श्रीमती शांति देवी हलवाई
29.08.2004 तिथि श्रावण शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
"पहले जब आंसु आते थे तब तुम याद आती थी
अब तुम याद आती हो और फिर आंसु आते है"
आपको हमारी अश्रुपुरित श्रद्धांजलि
रविन्द्र-मेहा हलवाई (पुत्र-पुत्रवधु) रमन-संगीता हलवाई (पुत्र-पुत्रवधु) एवं समस्त परिजन व हरिभूमि परिवार

## कृषि अभियंताओं का राष्ट्रीय सम्मेलन आज से

रायपुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में 29 और 30 अगस्त को 'सतत विकास के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार हेतु कृषि अभियंताओं का योगदान' विषय पर 36वां राष्ट्रीय सम्मेलन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को सुबह 10:45 बजे छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। कृषि मंत्री रामविचार नेताम इस समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

## निधन

### सुमित शर्मा



रायपुर। टिकरपारा निवासी सुमित शर्मा का 28 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 29 अगस्त को सुबह 9.30 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी। वे अंकुश शर्मा के भाई और पूजा शर्मा के पति थे।

### साजन दास बंजारी



रायपुर। श्याम नगर निवासी साजन दास बंजारी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 अगस्त को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे तरुण बंजारी के पिता और नेमन दास बंजारी के भाई थे।

### कौशल्या गोपलानी



रायपुर। भीम नगर निवासी कौशल्या गोपलानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 अगस्त को महादेवघाट मुक्तिधाम में किया गया। वे महेश, हेमंत गोपलानी की माता थीं।

### देवीबाई वाधवानी



रायपुर। पवन विहार निवासी देवीबाई वाधवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 अगस्त को न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे दीपक, दौलत, नंदलाल वाधवानी की माता थीं।

### अशोक चौरडिया



रायपुर। महावीर कालोनी महासमुंद निवासी अशोक चौरडिया का 28 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 29 अगस्त को सुबह 10.30 बजे उनके निवास स्थान से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे ललित, निर्मल, नरेश, हेमंत के बड़े भाई एवं मुकेश चौरडिया के पिता थे। वे महासमुंद राइस मिल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष, महावीर इंटरनेशनल शाखा एवं स्थानक वासी संघ महासमुंद के पूर्व अध्यक्ष थे।

# अवैध निर्माण नियमितीकरण के 6 हजार प्रकरण लंबित, 5 माह से नहीं हुई समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के दस जोन में अवैध निर्माण नियमित कराने 6 हजार आवेदक नियमितीकरण नहीं होने से परेशान हैं। पिछले 5 माह से कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जांच समिति की बैठक नहीं होने से हजारों आवेदकों को मायूस होना पड़ रहा है। अवैध निर्माण को नियमित कराने सबसे ज्यादा आवेदन आउटर स्थित अमलीडीह के जोन 10 के सात वार्डों से प्राप्त हुए हैं। इनकी संख्या 1 हजार के करीब है।

वहीं महोबाबाजार स्थित जोन 8 से मिले 800 अवैध निर्माण नियमितीकरण के प्रकरण लंबित हैं। 1 साल पूर्व इन आवेदकों ने संबंधित जोन में अवैध निर्माण को नियमित कराने आवेदन लगाया था, पर नियमितीकरण नहीं होने से इन्हें बैंक लोन नहीं मिल रहा है, नक्शा पास कराने में भी दिक्कत आ रही है।

रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में अवैध निर्माण को नियमित कराने 1 साल पूर्व दस जोन से 11 हजार आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदनों के दस्तावेजों की पड़ताल के बाद जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जांच समिति ने अब तक 9 बार बैठक लेकर 5 हजार अवैध निर्माण नियमितीकरण के आवेदनों का निराकरण किया, जबकि 6 हजार आवेदन अभी भी लंबित हैं। मार्च 2024 में पिछली बार नियमितीकरण जांच समिति की बैठक हुई थी। इसमें केवल 85 प्रकरणों पर नियमितीकरण की मंजूरी मिली।

## सबसे ज्यादा 1000 अवैध निर्माण के प्रकरण अमलीडीह स्थित जोन 10 के

### केस 1
### लोन नहीं मिल रहा, 1 साल से भटक रहे

अशोकनगर गुढ़ियारी निवासी संतोष कुमार का कहना है, नियमितीकरण के लिए 1 साल से भटक रहे हैं। अब तक उनके आवेदन का निराकरण नहीं हुआ है। इसके कारण बैंक का लोन नहीं मिल रहा। नियमितीकरण का कार्य जल्द पूरा होना चाहिए, क्योंकि उन्होंने इससे संबंधित सभी दस्तावेज अपने आवेदन के साथ संलग्न कर दिया था।

### केस 2
### नक्शा पास नहीं हो रहा

टिकरापारा के रहवासी पवन कुमार के मुताबिक अवैध निर्माण नियमितीकरण संबंधी उनके आवेदन पर निर्णय नहीं होने से निगम से नक्शा पास नहीं हो रहा है। इसके लिए वे मुख्यालय और जोन दफ्तर भी गये, वहां पता चला कि नियमितीकरण संबंधी बैठक नहीं होने से कई प्रकरण अभी लंबित हैं। इसीलिए बैठक का इंतजार करना पड़ रहा है।

### नियमितीकरण नहीं होने से ये है नुकसान

- नगर निगम से नक्शा पास नहीं होता
- आवेदक को भवन निर्माण के लिए बैंक से लोन लेने में होती है दिक्कत
- संबंधित निर्माण को क्रय, विक्रय करने में होती है परेशानी
- रोड, नाली बनाने में दिक्कत

### विभाग से जानकारी लेंगे

अवैध निर्माण नियमितीकरण के संबंध में विभाग से जानकारी लेंगे कि कितने प्रकरण कब से लंबित हैं, इसके बाद इन प्रकरणों पर विचार कर निर्णय लिया जायेगा।

*- अरुण साव, नगरीय प्रशासन मंत्री एवं विकास विभाग मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन*

### सरकार निर्णय नहीं ले पा रही

अवैध निर्माण को नियमित करने कांग्रेस सरकार की यह एक अच्छी नीति रही है, पर नई सरकार इस पर अब तक निर्णय नहीं ले पा रही है। इसके कारण हजारों आवेदकों को निगम मुख्यालय, जोन दफ्तर और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग दफ्तर के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

*- श्रीकुमार मेनन, अध्यक्ष, नगरीय प्रशासन एवं भवन अनुज्ञा विभाग, नगर निगम रायपुर*

# भाठागांव मैदान पर जल्द बनेगा बैडमिंटन कोर्ट, मार्ग किनारे होगी लैंड स्कैपिंग

**खास बातें**
- निगम आयुक्त ने चिन्हित स्थल का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश
- रामायणकालीन सभ्यता की कलाकृतियां लगाने की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के ऐतिहासिक रावणभाठा मैदान के समीप भाठागांव मैदान पर नगर निगम जल्द इंडोर बैडमिंटन कोर्ट विकसित करेगा, ताकि खिलाड़ियों को खेल और उसके अभ्यास की सुविधा मिल सके। इस मैदान का समतलीकरण कर पेवर लगाने और उसे सुंदर स्वरूप देने की तैयारी है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बुधवार को जोन 6 के अधिकारियों के साथ मिलकर चिन्हित स्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही मार्ग किनारे लैंड स्कैपिंग कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

भाठागांव मैदान पर नगर निगम सुविधा युक्त बैडमिंटन कोर्ट बनवा रहा है। कोर्ट को विकसित करने के कार्य का स्थल निरीक्षण करने निगम आयुक्त स्पॉट पर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मैदान का समतलीकरण जल्द पूरा करवा कर उसमें पेवर लगाने के कार्य में तेजी लाएं। भाठागांव मैदान के सामने मार्ग किनारे चिन्हित स्थल पर जोन 6 के माध्यम से लैंड स्केपिंग कराई जायेगी। इसमें रामायणकालीन सभ्यता को दर्शाते हुए आकर्षक कलाकृति उकेरी जायेगी।

इससे शहरवासियों को रामायणकालीन गौरवशाली सभ्यता की सहज जानकारी प्राप्त हो सकेगी। इसके साथ ही वहां बार-बार होने वाले अवैध कब्जों पर अंकुश लगाया जा सकेगा। निगम आयुक्त ने इस कार्य को प्राथमिकता के साथ करवाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये हैं। स्थल निरीक्षण के दौरान जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल सहित जोन के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बूढ़ातालाब के पुराना धरना स्थल पर वेंडिंग जोन



बूढ़ातालाब के पास पुराने धरना स्थल वाली जगह पर नगर निगम वेंडिंग जोन बनायेगा। वेंडिंग जोन स्थल का निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जोन 4 कमिश्नर अरुण ध्रुव, प्रभारी अधीक्षण अभियंता इमरान खान, सहायक अभियंता नितिश झा, विकास साहू की उपस्थिति में निरीक्षण किया। आयुक्त ने अधिकारियों को धरना स्थल में प्रस्तावित वेंडिंग जोन विकसित करने का कार्य प्राथमिकता से सुनिश्चित करने निर्देश दिये।

# क्रेडा से नगर निगम आधा दर्जन स्पॉट पर लगवाएगा सोलर पैनल, 8 करोड़ का प्रपोजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 10 साल का मेंटनेंस, 30 से 40 फीसदी बिजली की होगी बचत

रायपुर नगर निगम अपने आधा दर्जन स्पॉट पर क्रेडा से बिजली की बचत करने सोलर पैनल लगवायेगा। इस प्रोजेक्ट में 8 करोड़ खर्च होंगे। क्रेडा की टीम ने स्पॉट विजिट के बाद नगर निगम मुख्यालय को अलग-अलग चिन्हांकित स्थलों के सर्वे के बाद यह प्रस्ताव नगर निगम को भेजा है। प्रस्ताव के हिसाब से सोलर प्लांट लगाने पर नगर निगम क्रेडा को 8 करोड़ का भुगतान करेगा। अनुबंध की शर्त के हिसाब से क्रेडा इन 6 जगहों पर प्रस्तावित सोलर पैनल का 10 साल का मेंटनेंस करेगा।



दरअसल, नगर निगम के जल विभाग के फिल्टर प्लांट, खारुन नदी में गिर रहे नालों के गंदा पानी को साफ करने कारा, निमोरा और चंदनीडीह में स्थापित 3 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में बिजली की खपत ज्यादा है, इसके कारण नगर निगम को एकमुश्त राशि बिजली बिल के रूप में भुगतान करनी होती है। ऐसे में इन स्थानों पर सोलर पैनल लगाकर बिजली के बिल में 30 से 40 फीसदी बचत करने की योजना है।

### जल्द ही प्रस्ताव भेजा जाएगा

इसी तरह मोतीबाग के पास स्थित जोन 4 दफ्तर, फिल्टर प्लांट के डब्लूटीपी प्लांट और भाठागांव स्थित इंटर स्टेट बस टर्मिनल की बहुमंजिला बिल्डिंग, जयस्तंभ चौक स्थित पुराने मल्टीलेवल पार्किंग और कलेक्टोरेट परिसर के पास हाईटेक मल्टीलेवल पार्किंग परिसर में सोलर पैनल लगाने से पहले क्रेडा की टीम ने पिछले दिनों इन स्थानों का विजिट कर सर्वे के बाद 8 करोड़ का सोलर पैनल लगाने संबंधी प्रस्ताव नगर निगम को भेजा है। राज्य शासन के पास स्वीकृति के लिए जल्द ही यह प्रस्ताव भेजा जायेगा।

# सर्वर ने बढ़ाई परेशानी, सुबह की रजिस्ट्री दोपहर बाद हुई, घंटों परेशान हुए लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पंजीयन दफ्तर में दोपहर तक नेटवर्क रहा बंद

पंजीयन दफ्तर में नेटवर्क ने बुधवार को प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने पहुंचे लोगों को खासा परेशान किया। सर्वर डाउन होने के कारण सुबह की रजिस्ट्री दोपहर बाद हो पाई। इसके कारण रजिस्ट्री भी देर शाम तक होती रही। सूत्रों के अनुसार कई लोगों को सर्वर के कारण रजिस्ट्री कराए बिना लौटना पड़ा। उन्हें दूसरे दिन बुलाया गया है। इधर रजिस्ट्री कराने के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने वालों को भी सर्वर डाउन ने काफी परेशान किया। सर्वर डाउन के कारण लोगों को दोपहर बाद ही ऑनलाइन अपॉइंटमेंट मिल पाए।




### कलेक्टोरेट में नेटवर्क समस्या से अधिकारी-कर्मचारी भी परेशान

कलेक्टोरेट परिसर में नेटवर्क की समस्या बनी हुई है। इसके कारण कई दफ्तरों में भी नेटवर्क ठीक से काम नहीं करता, जिसके कारण अधिकारी-कर्मचारियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यही नहीं, नेटवर्क समस्या का असर अब कामकाज पर भी पड़ने लगा है, जिसके कारण कई विभागों के ऑनलाइन साफ्टवेयर में काम करने में कर्मचारियों को दिक्कतें आ रही है। ऑनलाइन सर्वर डाउन होने के कारण रजिस्ट्री का काम भी सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रभावित रहा।

## महाराष्ट्र मंडल में तीज महोत्सव आज, वाण सजाओ स्पर्धा भी

रायपुर। महाराष्ट्र मंडल के बूढ़ापारा और तात्यापारा महिला केंद्र की ओर से 29 अगस्त को दोपहर 3:30 तीज महोत्सव मनाया जाएगा। इसमें वाण सजाओ स्पर्धा विशेष रहने वाली है। वाण सुहासिनों को दिया जाना वाला भेंट है, जो मंगलागौरी उद्यापन के समय दिया जाता है। कार्यक्रम की संयोजिकाओं अपर्णा मोघे और आराधना शेष ने बताया कि इस मौके पर मंच पर प्रत्येक केंद्र की ओर से धमाकेदार प्रस्तुति देखने को मिलेगी। इसकी तैयारी विभिन्न केंद्रों की महिलाओं ने पहले से शुरू कर दी है। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा रोचक खेलों का भी लुत्फ़ महिलाएं ले सकेंगी।

# मंकी पॉक्स की रोकथाम के लिए एडवायजरी जारी, सर्विलांस पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सामान्यतः पश्चिम अफ्रीका में पाए जाने वाले त्वचा के संक्रमण मंकी पॉक्स की रोकथाम के लिए छत्तीसगढ़ में एडवाइजरी जारी की गई है। इसके मामले मार्च में केरल में पाए गए थे, जिसके बाद छत्तीसगढ़ सहित तमाम राज्यों में इसके सर्विलांस पर जोर दिया गया था। डब्लूएचओ द्वारा एम-पॉक्स को 14 अगस्त को पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ इंटरनेशनल कान्स घोषित किया गया है। इस आधार पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा दिशा-निर्देश जारी किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि एहतियात के तौर पर अधिकारियों को शिविर के माध्यम से लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस बीमारी की रोकथाम के लिए केंद्र सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के आधार पर सर्विलांस, त्वरित पहचान एवं जांच उपचार के लिए निर्देश जारी किए गए हैं।



### यह है मंकी पॉक्स

मंकी-पॉक्स से संक्रमित व्यक्ति में सामान्यतः बुखार, चकत्ते एवं लिम्फ नोड्स में सूजन पायी जाती है। मंकी-पॉक्स एक स्व-सीमित संक्रमण है, जिसके लक्षण सामान्यतः 2-4 सप्ताह में समाप्त हो जाते हैं। मंकी-पॉक्स संक्रमण होने एवं लक्षण उत्पन्न होने का इनक्यूबेशन पीरियड सामान्यतः 6-13 दिन का होता है, परन्तु यह 5 से 25 दिवस तक हो सकता है। मंकी-पॉक्स का संक्रमण त्वचा में चकत्ते आने के 1-2 दिवस पूर्व से लेकर सभी चकत्तों से पपड़ी के समाप्त होने तक मरीज के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों में फैल सकता है।



## पुरानी बस्ती में मनाया जन्माष्टमी पर्व

रायपुर। राजधानी के पुरानी बस्ती क्षेत्र में स्थित राज ठेठवार परिवार चौक में मंगलवार को जन्माष्टमी के अवसर पर विधि-विधान से श्रीकृष्ण भगवान की महाआरती की गई। जन्मोत्सव के दौरान पटाखे व लड़ियां फोड़कर स्वागत किया गया। नंदलालाजी को पंजरी भोग प्रसाद सहित छप्पन भोग अर्पण किया गया। गोकुल राजा के जन्म की खुशी में सभी ने एक साथ हाथ उठाकर हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की जयकारे लगाए। इस अवसर पर राजेश यद्दु, देवेंद्र शर्मा, गजेश यद्दु, प्रवीण झा, नवीन यद्दु, संजू मिश्रा, युगल यद्दु, रविंद्र यद्दु, राजकुमार पांडे, राहुल यद्दु, कमलेश यद्दु, नागेश यद्दु, शुभम यद्दु, राजेंद्र गवई सहित मोहल्लेवासी काफी संख्या में मौजूद रहे।

## पेज 11 के शेष ....

### 6 साल से एसआई...

भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान दिया जा रहा है। गृहमंत्री के बंगले के बाहर धरने पर बैठे प्रदर्शनकारी हाथों में तख्ती लेकर बैठे हुए हैं। इन तख्ती पर इन्होंने लिखा है कि जल्द रिजल्ट घोषित करें या इच्छा मृत्यु दें। वहीं प्रदर्शकारियों को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने गृहमंत्री के बंगले के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी। साथ ही अतिरिक्त बल बुलाया गया। बिना सूचना दिए पहुंचे अभ्यर्थियों को गृहमंत्री के बंगले के अंदर बुलाया गया। उन्हें वहां पर चाय नाश्ता कराने के बाद कवर्धा और बिलासपुर दौरे पर गए गृहमंत्री से वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से बात कराई गई। गृह मंत्री ने उनसे कहा कि आपकी समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों से चर्चा की गई है। कुछ कानूनी प्रक्रिया के कारण परिणाम जारी नहीं किया गया है। समाधान निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, पूर्व सरकार के समय इस पर ध्यान नहीं दिया गया। हमारी सरकार को अभी चार माह ही काम करने का मौका मिला है। जल्द ही निर्णय लेंगे। अभ्यर्थियों से उन्होंने दौरे से 4-5 सिंतबर को लौटने के बाद चर्चा करने का आश्वासन दिया।

### जन्माष्टमी पर विवाद,दो...

खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन दो अलग-अलग समितियों द्वारा श्रीकृष्ण भगवान की मूर्ति स्थापित की गई थी, मूर्ति स्थापना के बाद दोनों पक्षों में आपस में विवाद हो गया। इसके बाद दूसरे दिन मूर्ति विसर्जन एवं पंडाल रास्ते में लगाने की बात को लेकर भिड़ गए। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को किसी तरह शांत कराकर लौटी।

### वर्षा की गतिविधि में...

धूप की वजह से गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया। शहर का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री तक अधिक था। मौसम विशेषज्ञ ने बताया कि अगले चौबीस घंटे में अनेक स्थानों पर हल्की वर्षा के साथ एक दो क्षेत्रों में भारी बारिश भी हो सकती है।

# लोन-देन विवाद पर भाजपा नेता आपस में भिड़े, मारपीट का हुआ वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के कटोरातालाब की

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में पैसों के लेन-देन विवाद पर दो पक्षों में मारपीट करने की घटना हुई है। मारपीट करने वाले भाजपा नेता बताए जा रहे हैं। मारपीट की घटना में होटल कारोबारी का सिर फूट गया है। मारपीट की घटना मंगलवार दोपहर पौने तीन बजे की है। मारपीट करने की घटना का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है।

पुलिस के मुताबिक कटोरातालाब में नेताजी होटल के संचालक राहुल चंदनानी ने संदीप मेघानी तथा नितेश कुमार तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राहुल ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को वह अपनी दुकान में बैठा था।

इसी दौरान संदीप अपने अन्य साथियों के साथ उसकी दुकान में पहुंचा और लेन-देन के विवाद को लेकर सभी गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर संदीप तथा उसके साथियों ने राहुल को खींचकर दुकान से बाहर निकाल लिया। इसके बाद राहुल के साथी भी मौके पर पहुंच गए। दुकान के बाहर दोनों पक्षों में जमकर लात-घूंसे चले। घटना के दूसरे दिन संदीप ने भी राहुल के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है।



**न्यायालय : (आलोक कुमार) प्रथम अति. प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)**

व्यवहार वाद क्र. 72अ/2024
धारा 13 (1) (1-क) (1-ख) हिन्दू विवाह अधिनियम
आदेशिका क्र. 717/2024 पेशी दिनांक 04.10.2024

**- नोटिस::-**

श्रीमती दीक्षा श्रीवास्तव (आसिजा) ...... आवेदिका
-: बनाम :-
सुमित आसिजा ............अनावेदक

प्रति, सुमित आसिजा आ. अशोक आसिजा, उम्र ...वर्ष, निवासी मकान नं. ए/6, अनमोल विहार, अनमोल सुपर मार्केट के सामने, महावीर नगर, रायपुर, तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) मो. नं. 7697476752 ....अनावेदक

आवेदिका श्रीमती दीक्षा श्रीवास्तव (आसिजा) ने आपके विरूद्ध विवाह विच्छेद की आज्ञप्ति के द्वारा विवाह के विघटन हेतु इस न्यायालय के समक्ष वाद अन्तर्गत धारा 13 (1) (1-क) (1-ख) हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 पेश किया है। अतः इस नोटिस के जरिए आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि/अधिवक्ता के माध्यम से, जो मामले से संबंधित सभी उत्तर देने में सक्षम हों, उक्त वाद मे सुनवाई हेतु दिनांक 04 अक्टूबर, 2024 को प्रातः 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित रहें।

यदि किसी कारण वश सुनवाई तिथि 04 अक्टूबर, 2024 को अवकाश घोषित होता है, तो मामले की सुनवाई उसके ठीक दूसरे कार्यदिवस में की जायेगी।

यह भी सूचित किया जाता है कि नियत तिथि में इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होने की दशा में उक्त वाद में सुनवाई / विचारण आपकी अनुपस्थिति में विधि अनुसार किया जायेगा।

आज तारीख 28.08.2024. को इस अदालत की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(आलोक कुमार)
प्रथम अति. प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार चंदन कुमार शुक्ला उम्र 35 वर्ष पिता श्री देवनारायण शुक्ला, निवासी-डी.-7, सेक्टर-5, देवेन्द्र नगर, रायपुर तह. व जिला-रायपुर छ.ग. ने विक्रेतागण श्री संदीप मित्तल पिता-श्री गोपीराम मित्तल एवं श्रीमती कांता मित्तल पिता श्री माधो प्रसाद मित्तल दोनो निवासी-मर्लिन जयश्री विहार, मंडी रोड, पंडरीतराई, रायपुर छ.ग. के स्वामित्व का एक फ्लैट क्र.-2ए (202) जो कि मर्लिन जयश्री विहार मंडी रोड, पंडरीतराई, रायपुर के द्वितीय तल मंदिरा ब्लॉक पर स्थित है, जिसका प.ह.नं.-109, रा.नि.मं.-रायपुर, तहसील व जिला रायपुर, जिसका सुपर बिल्डअप एरिया 1302 वर्गफुट 121 वर्गमीटर ओपन/बंद कार पार्किंग स्पेश के साथ राशि कुल 40,00,000/- रू. (अक्षरी चालीस लाख रूपये) क्रय करने का पक्का सौदा तय कर इकरारनामा दिनांक-13/08/2024 को निष्पादित किया है। जिसके तहत् मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण को बयाना राशि के रूप में कुल 5,00,000/- रु. (अक्षरी पांच लाख रूपये) चेकों द्वारा भुगतान कर दिया है, जिसे विक्रेतागण ने प्राप्त कर लिया है, केवल विक्रय विलेख के पंजीयन का निष्पादन मात्र शेष है। अतएव उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग, बैंक, वित्तीय संस्थान एवं साहूकार व अन्य किसी को भी कोई आपत्ति या उजर-दावा हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे पक्षकार को उपर लिखे पते पर अपना लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के समयावधि में प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद पश्चात् प्राप्त आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा एवं उक्त वर्णित संपत्ति का पंजीयन मेरे पक्षकार के पक्ष में करा लिया जावेगा। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग., दिनांक-28.08.2024
भवदीय-विजय देशमुख, अधिवक्ता
पता: "वसंत निवास" श्रीनगर खमतराई, रायपुर (छ.ग.)
मो. 94255-06526, 98271-16328

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि द्वारा दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में एल.आई.जी. भवन क्रमांक - 346, को श्री गणेश राम देवांगन पिता श्री अमर लाल देवांगन, के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 12.03.2014 को लीजडीड (पट्टा - विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री गणेश राम देवांगन पिता श्री अमर लाल देवांगन पताः- मकान नं. 09/998 ठक्कर बापा वार्ड नं. 09, प्रेम नगर, गणेश किराना स्टोर्स, पहाडी चौक लोधी पारा, गुढ़ियारी जिला - रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री दानेश्वर साहू पिता श्री ललित कुमार साहू, निवासीः- ग्राम संडी, पो. आ. भानसोज, थाना व तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) एल.आई.जी. भवन क्रमांक - 346, के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना, नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ता हेमंत सेवलानी पिता श्री चन्द्र प्रकाश सेवलानी निवासी-सुपर स्टेट कालोनी महावीर नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. का रहने वाला हूं जो कि नीचे लिखे अनुसार हलफिया ब्यान आपके समक्ष प्रस्तुत करता हूं किः-

01. यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
02. यह कि मेरे पुत्र दक्षराज सेवलानी की जन्म तिथि 13.09.2011 को सांई बाबा नर्सिंग होम रायपुर छ.ग. में जन्म हुआ है।
03. यह कि मैंने अपने पुत्र दक्षराज सेवलानी का जन्म प्रमाण पत्र नगर निगम रायपुर छ.ग. से जारी करवाया हूं जिसका पंजीयन क्र. 001012011021316 दिनांक 14.10.2011 को जारी करवाया हूं जिसमें मेरे पुत्र का नाम दक्ष सेवलानी गलती से दर्ज कर दिया गया है।
04. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम दक्षराज सेवलानी नाम दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है।
05. यह कि मैं अब अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज नाम दक्ष सेवलानी के स्थान पर सही नाम दक्षराज सेवलानी नाम दर्ज करवाकर दूसरा जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता हूं जिसके लिए मैं यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता

सत्यापन

मैं शपथकर्ता आज सत्यापित करता हूं कि उक्त शपथपत्र में उल्लेखित सभी तथ्य मेरे स्वयं के ज्ञान व विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है आज मुकाम रायपुर छ.ग. में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करता हूं।
रायपुर छ.ग.

शपथकर्ता

**न्यायालय नायाब तहसीलदार, मंदिर हसौद, तहसील- मंदिर हसौद, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

-: ईश्तहार :-

राजस्व प्रकरण क्रमांक--- ब/121,
ग्राम- मंदिर हसौद

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक कमलेश बर्मन पिता श्री गैन्द बर्मन, ग्राम- मंदिर हसौद तहसील आरंग द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पत्नि स्व. पुष्पा बर्मन के मृत्यु दिनांक 02/12/2022 है। का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म/मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है ताकि जन्म/मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय मे दिनांक 30/08/2024 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 16/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर)
नायाब तहसीलदार
मंदिर हसौद

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### गांधी सदन में शिक्षक दिवस पर 60 शिक्षकों का होगा सम्मान

**रायपुर।** राजधानी में शिक्षक दिवस के मौके पर 5 सितंबर को शिक्षकों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया जायेगा। नगर निगम के शिक्षा, खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से यह समारोह गांधी सदन के सामान्य सभागार में होगा। इसमें नगर निगम के स्कूलों के 60 गुरुजनों को गरिमामय समारोह में शॉल, श्रीफल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया जायेगा। नगर निगम के खेलकूद व युवा कल्याण विभाग अध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि 5 सितंबर को नगर निगम मुख्यालय में दोपहर 3:30 बजे शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे करेंगे। इस मौके पर गुरुजनों के सम्मान में विविध कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जायेगा। कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी सहित गणमान्य नागरिक शामिल होंगे।

### पेंशनर्स समाज का हुआ वार्षिक सम्मेलन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज का 39वां वार्षिक सम्मेलन हुआ। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में बुधवार को किया गया। इस कार्यक्रम में अंबिकापुर सरगुजा के पूर्व अध्यक्ष जमना लाल श्रीवास्तव को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया। साथ ही 80 साल पूर्व करने वालों पेशनरों का शॉल-श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। यह जानकारी अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स फेडरेशन एवं छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में समाज के भारी संख्या में शामिल हुए।

### मच्छर उन्मूलन के लिए एंटी लार्वा ट्रीटमेंट



**रायपुर।** नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से शहर में मच्छरों के उन्मूलन के लिए एंटी लार्वा ट्रीटमेंट व फॉगिंग अभियान चलाया जा रहा है। जोन 3 के शंकरनगर वार्ड के खाली भूखण्डों में जल जमाव वाले क्षेत्र एंटी लार्वा ट्रीटमेंट किया गया। अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही की उपस्थिति में जोन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अभियान चलाया। जोन 8 के रायपुरा सांई मंदिर मार्ग में जल जमाव वाले स्थानों पर जले हुए मोबिल आयल का छिड़काव किया गया।

### दीवारों पर आर्ट वर्क

**रायपुर।** रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा साइंस कालेज के समीप डीडी नगर गोल चौक जाने वाले मार्ग के दोनो ओर सुन्दर तरीके से आर्ट वर्क करवाया जा रहा है। मार्ग को सुंदर बनाने और डिवाइडर में ग्रील लगाकर पेंटिंग करने का कार्य इन दिनों किया जा रहा है। इसी तरह वंदना आटो से आमानाका सिटी बस डिपो के सामने तक मार्ग की सुंदरता निखारने सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है।

# दलदल सिवनी, कचना और लभांडी पीएम आवास के रहवासी करेंगे 4 को घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

दलदल सिवनी, कचना और लभांडी में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासीय परिसर के रहवासी 4 सितंबर को निगम मुख्यालय का घेराव करेंगे। पीने के पानी की समस्या, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था और जर्जर सड़क की समस्या को लेकर गांधी सदन के सामने धरना देंगे। इस संबंध में प्रभावितों ने बुधवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन की अनुमति के संबंध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहर के अलग-अलग लोकेशन पर जरूरतमंदों को नगर निगम द्वारा आवास आवंटन किया गया है, पर संबंधित आवासीय परिसर में रहवासियों को पानी की समस्या से परेशानी उठानी पड़ रही है। दलदलसिवनी, लभांडी और कचना के पीएम आवास में कमोबेश यही स्थिति बनी हुई। रहवासियों ने अपनी 6 सूत्रीय मांग को लेकर निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराने मोर्चा खोल दिया है। ईडब्लूएस परिवार संघ के अध्यक्ष प्रीतम महानंद, कार्यकारी अध्यक्ष सूरज यादव, सचिव महेश दास, उपाध्यक्ष अनुपम इंगले, अशोक गेंदले सहित प्रभावित परिवारों एसडीएम कार्यालय में धरना प्रदर्शन की अनुमति के लिए पत्र सौंपा। 4 सितंबर को ईडब्लूएस परिवार निगम मुख्यालय के सामने प्रदर्शन कर निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित करायेगा।

प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम महानंद, कार्यकारी अध्यक्ष सूरज यादव ने बताया कि पीएम आवास योजना के तहत बनाये गये आवासीय परिसर में सीवरेज लाइन की सफाई में लापरवाही बरती जा रही है। इससे लभांडी की संकल्प सोसाइटी फेज 2 में सैकड़ों परिवारों की सेहत दांव पर लगी हुई है। बच्चों के खेलने के लिए गार्डन की व्यवस्था नहीं है। इन सभी मुद्दों को लेकर निगम मुख्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपा जायेगा।

- पेयजल समस्या, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट की समस्या
- एसडीएम को धरना प्रदर्शन की अनुमति लेने सौंपा ज्ञापन



# लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस करेगी आज पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भिलाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस के लाठीचार्ज के विरोध में पूरे प्रदेश के सभी जिलों में गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन करने का कार्यक्रम कांग्रेस ने तय किया है।

कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने सभी ब्लॉक एवं जिला अध्यक्षों को जारी पत्र में कहा है कि भिलाई में पुलिस की बर्बरता पूर्ण कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस पूरे प्रदेश में गुरुवार को प्रदर्शन करेगी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने 150 कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों पर मामला दर्ज किया है। मामले के विरोध में सभी प्रदेश पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों को शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के काफिले को रोक कर उनके सुरक्षा कर्मियों से बजरंग दल के लोगों द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की घटना को लेकर भिलाई में थाना घेराव का कार्यक्रम कांग्रेस ने रखा था। मामले में पुलिस के लाठीचार्ज से कई कार्यकर्ता घायल हो गए।

### मेडिकल कालेज, डीकेएस स्वशासी समिति की आज बैठक

**रायपुर।** जेएन मेडिकल कालेज एवं डीकेएस हास्पिटल की स्वशासी समिति की बैठक आज स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की मौजूदगी में होगी। बैठक में मेडिकल कालेज से संबंधित अस्पताल और डीके हास्पिटल में सुविधाओं पर चर्चा होगी। इस दौरान लंबित पुरानी समस्याओं को निराकरण पर भी आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। डीके अस्पताल में ट्रांसप्लांट से संबंधित आवश्यक उपकरण के मामले में भी विचार-विमर्श किया जाएगा। जायसवाल के नेतृत्व में यह पहली बैठक होगी।

## नई दुकानें खुलने के बाद इसकी संख्या 21 हो जाएगी

# बिरगांव निगम में खुलेंगी 11 नई राशन दुकानें, हितग्राहियों को मिलेगी बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर जिले के बिरगांव नगर निगम क्षेत्र के राशन कार्ड धारियों को जल्द ही उचित मूल्य की दुकानों में लगने वाली भीड़ से राहत मिलेगी। विभाग बिरगांव में जल्द ही उचित मूल्य की 11 नई दुकानें खोलने जा रहा है। इसके लिए एसडीएम कार्यालय द्वारा 15 सितंबर तक आवेदन भी मंगाए गए हैं। इससे पूर्व बिरगांव में उचित मूल्य की सिर्फ 10 दुकानें ही संचालित हैं। नई दुकानें खुलने के बाद इसकी संख्या 21 हो जाएगी।

### 40 वार्ड में करीब 22 हजार कार्ड धारक

बिरगांव निगम क्षेत्र में 40 वार्ड है। इन वार्डों में 22 हजार 943 राशन कार्ड धारक है। इन कार्डो के सदस्यों की संख्या 85 हजार है। इस तरह वार्ड की संख्या की तुलना में निगम क्षेत्र में उचित मूल्य की दुकानें बहुत कम है। वार्डों एवं राशन कार्डों की संख्या की तुलना में राशन दुकानें कम होने के कारण धारकों को राशन लेने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लंबी दूरी तय करना, कई घंटों तक लाइन में लगना, बार-बार राशन दुकान के चक्कर लगाना सहित कई तरह की परेशानी हो रही है। नई दुकानें खुलने से कार्ड धारकों को काफी राहत मिलेगी।

### 21 वार्ड में एक भी दुकान नहीं

5 सौ कार्डों पर एक राशन दुकान संचालित करने के उद्देश्य से बिरगांव में भी नई राशन दुकानें खोलने का निर्णय लिया गया है। इसकी शुरुआत 11 नई दुकानों से की जा रही है, लेकिन 11 नई दुकानों के खुलने के बाद भी निगम क्षेत्र में 40 वार्डों की तुलना में 21 दुकानें ही होंगी। इनमें भी दो वार्ड में 2-2 राशन दुकानें खोली जा रही हैं। इस तरह 21 वार्ड ऐसे हैं, जहां एक भी राशन दुकान नहीं है।



### इन वार्डों में खुलेंगी नई दुकानें

सरोरा जोन में वार्ड क्रमांक-38 एवं 40 में 2-2 दुकानें, रावांभाठा जोन में वार्ड क्रमांक 9, 10 और 15 में 1-1, उरला जोन में वार्ड क्रमांक-1 और 5 में 1-1, उरकुरा जोन में वार्ड क्रमांक-17, 19 तथा अछोली जोन में वार्ड क्रमांक-6 और बिरगांव जोन में वार्ड क्रमांक-35 में 1-1 राशन दुकान खुलेगी।

### नई 11 राशन दुकानों के लिए मंगाए गए हैं आवेदन

बिरगांव निगम क्षेत्र में 11 नई राशन दुकानें खोलने के लिए आवेदन मंगाए गए हैं। आवेदन प्रक्रिया के बाद जल्द ही दुकानें आबंटित की जाएंगी।

**- नंदकुमार चौबे,** एसडीएम रायपुर

### कलेक्टर जनदर्शन में पार्षदों की मांग एवं शिकायतों के बाद लिया गया निर्णय

बिरगांव निगम क्षेत्र के कई वार्ड के पार्षद से लेकर कार्ड धारकों द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में राशन दुकानों की कम संख्या के कारण हितग्राहियों को होने वाले परेशानियों से अवगत कराया गया है। पार्षदों ने कलेक्टर से नई राशन दुकान खोलने की मांग भी की गई थी। पार्षदों एवं हितग्राहियों की मांग को देखते हुए कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को नई दुकानें खोलने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने के निर्देश दिए थे। इस प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद निगम क्षेत्र में नई दुकानें खोलने के लिए आवेदन मंगाए गए हैं।

# पुराने सर्किट हाउस का अस्तित्व खत्म, पार्किंग सहित अन्य उपयोग की सुविधा मिलेगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में अंग्रेजों के जमाने का बना पुराना सर्किट हाउस का अस्तित्व खत्म कर दिया गया। इस भवन को बुधवार को पूरी तरह से तोड़ दिया गया। इस भवन को तोड़ने के बाद अब इस भूमि का उपयोग न्यू सर्किट हाउस बिल्डिंग के लिए किया जाएगा। जानकारी के अनुसार इस भूमि को पार्किंग सहित अन्य उपयोग में लाया जाएगा।

राजधानी रायपुर में धीरे-धीरे पुराने धरोहरों का अस्तित्व खत्म होता जा रहा है। पहले कोतवाली थाना को तोड़कर वहां हाईटेक बिल्डिंग बना दी गई, वहीं अब सर्किट हाउस को भी तोड़कर यहां पार्किंग सहित अन्य उपयोग में लाए जाने की योजना पर काम चल रहा है। पुराना सर्किट हाउस को अंग्रेजों के जमाने में बनाया गया था। इसके बाद से लगातार इस सर्किट हाउस का उपयोग किया जा रहा था। इस सर्किट हाउस में पुराने कई राष्ट्रीय स्तर के राजनीतिक लीडर भी आ चुके हैं। पुराने सर्किट हाउस के बगल में जब न्यू सर्किट हाउस बिल्डिंग का निर्माण किया गया, तो पुराने सर्किट हाउस की पहचान खत्म होने लगी, जिसके कारण इसका उपयोग भी नहीं के बराकर होने लगा था।

*न्यायाधीशों के लिए भी रहा है आरक्षित : इस दौरान पुराने सर्किट हाउस को न्यायाधीशों के लिए आरक्षित कर दिया गया था। कुछ साल तक यहां न्यायाधीश आकर ठहरते भी थे, लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे भवन खंडहर में तब्दील होता गया।*

# चोरी, उठाईगिरी के मामलों का खुलासा 40 हजार रुपए के डॉलर, यूरो जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- साढ़े सात लाख उठाईगिरी के आरोप में पुलिस ने नट जनजाति गिरोह के एक बदमाश को अनूपपुर से गिरफ्तार किया
- एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश के कब्जे से देशी कट्टा, पिस्टल जब्त

क्राइम ब्रांच की टीम ने चोरी, उठाईगिरी के दो अलग-अलग मामलों में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एक अन्य मामले में खमतराई के हिस्ट्रीशीटर बदमाश के कब्जे से पुलिस ने देशी कट्टा तथा पिस्टल जब्त की है। पुलिस गिरफ्त में आए हिस्ट्रीशीटर बदमाश ने एक माह पूर्व बिलासपुर के तोरवा थाना क्षेत्र में अपने एक अन्य साथी के साथ आपराधिक घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने चोरी के आरोप में जिन बदमाशों को गिरफ्तार किया है, उन लोगों ने शहर के डीडीनगर, खमतराई, आमानका तथा कबीर नगर थाना क्षेत्र में एक दर्जन से ज्यादा चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस गिरफ्त में आए चोरी के आरोपी के अन्य तीन साथी पूर्व में ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

पुलिस के मुताबिक चोरी के आरोप में पूर्व में पकड़े गए आरोपी के फरार साथी आशीष कुमार बांदे को गिरफ्तार किया गया है। तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र में ठेकेदार राधेश्याम साहू की बाइक की डिक्की से सात लाख रुपए की उठाईगिरी करने के आरोप में मध्यप्रदेश अनूपपुर निवासी आकाश कंजर को गिरफ्तार किया गया है। उठाईगिरी में शामिल आकाश का चाचा फरार है। पुलिस के अनुसार एक सप्ताह पूर्व 20 अगस्त को राधेश्याम लेबर पेमेंट करने बैंक से रुपए निकालकर आ रहा था, इस दौरान वह लघुशंका करने के लिए रुका। इस दौरान बदमाश डिक्की के हैंडल में टंगे नोटों से भरा बैग चोरी कर ले गए।

### हिस्ट्रीशीटर बोला आत्मरक्षा के लिए हथियार खरीदा

खमतराई थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर बदमाश बिरगांव निवासी मोहम्मद आमिर को देशी कट्टा तथा पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आमिर ने पुलिस को बताया है कि उसने अपनी आत्मरक्षा के लिए पिस्टल तथा देशी कट्टा को खरीदा है। पुलिस के अनुसार आमिर ने देशी कट्टा तथा पिस्टल को उत्तरप्रदेश, हमीरपुर से खरीदा है।

### नट जनजाति के दस्ताक से पुलिस अलर्ट

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश से हर साल त्योहारी सीजन में नट जनजाति के बदमाश यहां छोटे-छोटे समूह बनाकर पहुंचते हैं। नट जनजाति गिरोह से जुड़े बदमाश उठाईगिरी करने से लेकर कई अन्य तरह की अपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं। पुलिस गिरफ्त में आए बदमाश तथा उसके चाचा के खिलाफ पूर्व में भी छत्तीसगढ़ के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में उठाईगिरी तथा चोरी के अपराध दर्ज हैं।

# आयुष्मान के इंश्योरेंस मोड पर आने की संभावना, आईएमए ने की आपत्ति

- लंबित भुगतान सहित अन्य मांगों पर स्वास्थ्य मंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में संचालित आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना को पुनः इंश्योरेंस मोड पर संचालित किए जाने के आसार बन रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा दिए गए इस संकेत पर आईएमए के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने आपत्ति दर्ज की है। उन्होंने इस योजना के लंबित भुगतान पर भी स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा की।

डा. गुप्ता ने बताया कि पिछले छह माह का लंबित भुगतान एकमुश्त किए जाने की कोशिश उच्च स्तर पर किए जाने की जानकारी दी गई है। इसके साथ कई वर्षों से बीमारियों के इलाज का पैकेज रिवीजन नहीं किए जाने की एक प्रमुख मांग के संदर्भ में मंत्री ने विचार का आश्वासन दिया है। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा आईएमए प्रतिनिधिमंडल को पूरी आयुष्मान स्कीम इंश्योरेंस मोड पर दिए जाने के संभावित निर्णय की जानकारी दिए जाने पर आईएमए रायपुर के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने अपना विरोध दर्ज कराया। पांच वर्ष पहले के अनुभवों से प्रतिवर्ष के अंतिम चार-पांच महीनों में बार-बार गतिरोध और भुगतान रुकने की अनवरत समस्या से बचने के लिए ही ट्रस्ट मोड पर योजना को किए जाने की जानकारी दी। ट्रस्ट मोड में योजना को शुरू करने के बाद पिछले 6 वर्षों में किसी प्रकार के विवादास्पद भुगतान रोकने और रिजेक्शन की जानकारी बड़े स्तर पर नहीं आई है।



### जूडा एसोसिएशन की मुलाकात

जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने कार्यस्थल पर स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए हमारी जरूरतों और मांगों के संबंध में स्वास्थ्य मंत्री के साथ मंगलवार की रात बैठक की। कोलकाता में हाल ही में हुई दुखद घटना के मद्देनजर कामकाजी परिस्थितियों और अन्य अस्पताल प्रणालियों को मजबूत करने की मांग की थी।

## बिजनेस साइट

### बीआईटी रायपुर के 28 छात्रों को मिला 4.2 लाख का सालाना पैकेज



**रायपुर।** भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी), रायपुर के 28 छात्रों ने स्किल इंटर्न प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु में 4.2 लाख रुपये प्रति वर्ष (एलपीए) के प्रभावशाली वार्षिक पैकेज के साथ प्लेसमेंट प्राप्त किया है। यह सफलता छात्रों की लगन और मेहनत के साथ-साथ संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

प्राचार्य डॉ. राम कृष्ण मिश्रा ने चयनित छात्रों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की प्रतिष्ठा को बढ़ाती है, बल्कि भविष्य के बैचों के लिए एक प्रेरणादायक मानक भी स्थापित करती है।

### एसआरयू में तीन दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का शुभारम्भ



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय, रायपुर ने 'इंडियन डायस्पोरा, माइग्रेशन एंड डेवलपमेंट: अ मल्टीफेसेटेड' विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का सफल उद्घाटन किया। यह वेबिनार तीन दिनों तक जारी रहेगा। इसे ऑनलाइन गूगल मीट के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है और यह भूगोल विभाग तथा पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है। वेबिनार का उद्घाटन कुलपति प्रो. एस.के. सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. सौरभ कुमार शर्मा और कला संकायाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मनीष के. पाण्डेय ने किया।






# हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 29 अगस्त 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937


02



साल खत्म होने से पहले विवाह के ....

## सिटी इवेंट

## मोबाइल से धीरे-धीरे बढ़ाएं दूरी एक घंटे से अधिक ना करें प्रयोग



**रायपुर।** लक्ष्मीनारायण कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला की छात्राओं को ट्रैफिक नियम समझाए गए। छात्राओं को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की सीख दी गई। इसके अलवा उन्हें नशा से दूर रहने और हेल्थ एंड हाइजीन के संदर्भ में भी प्रेरित किया गया। सिंधी काउंसिल और रायपुर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से यह आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी ने कहा कि बच्चों मोबाइल से दूर रहना चाहिए। यदि मोबाइल का इस्तेमाल पूर्णतः बंद नहीं कर सकते हैं तो इसे सीमित करें। प्रतिदिन एक घंटे से अधिक समय फोन को ना दें। अगर आपको कुछ हासिल करना है तो मोबाइल के नशे से दूर रहना होगा।

### मेट्रो की तर्ज पर सोचना होगा

अतिथियों ने कहा कि रायपुर का ट्रैफिक जिस प्रकार बढ़ रहा है, हमें मेट्रो की तर्ज पर सोचना होगा। सिंधी काउंसिल के प्रदेशाध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा, लगातार नशे के खिलाफ सिंधी काउंसिल अभियान चला रहा है। बच्चे को कैसे बुरी आदत से बचाया जाए, इसका हम भरपूर प्रयास कर रहे हैं। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ.कल्पना कौर ने कहा कि बच्चे अपने स्वास्थ का ध्यान रखें। बाहर के खाने से बचें और टिफिन का खाना खाएं। ट्रैफिक पुलिस के संदीप वर्मा ने सिग्नल के बारे में विस्तार से बताया।

## लाइव इवेंट

## संगीतमय महफिल में पेश किए पुराने गाने, खोए रहे श्रोता



**रायपुर।** गुनरस पिया फाउंडेशन के सदस्यों ने सदी के महान पार्श्व गायक मुकेश चंद्र माथुर की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए उनके सदाबहार नगमों को प्रस्तुत किया। श्रोताओं से खचाखच भरे श्री राम मंदिर परिसर बूढ़ापारा में देर रात तक एक से बढ़कर एक पेशकश होती रही। महफिल के निदेशक दीपक व्यास ने बताया, संस्था द्वारा प्रत्येक माह संगीत की बैठकों का आयोजन किया जाता है इसका मुख्य उद्देश्य गायकों को मंचीय प्रस्तुति के लिए परिपक्व करना और श्रोताओं में स्तरीय संगीत को संरक्षित एवं संवर्धित करना है। संगत पक्ष में तबले पर सुशील गोल्हानी एवं हारमोनियम पर दीपक गुणवंत व्यास ने गायकों का साथ दिया।

### युगल गीतों पर जुगलबंदी

कावेरी व्यास ने कहीं दूर जब दिन ढल जाए और एक प्यार का नगमा है, पेश किया। मिलिंद शेष ने दुख हरो द्वारका नाथ शरण मैं तेरी... रचना चांडक ने जो तुमको हो पसंद... पेश किया। इसके पश्चात डॉ.प्रदीप तिवारी ने चांद सी महबूबा हो मेरी... पर गाने की प्रस्तुति दी। युगल गीतों की भी प्रस्तुति दी गई। शुभ्रा ठाकुर एवं दीपक व्यास ने दिल की नजर से... पर युगल प्रस्तुति दी। वैशाली जोशी ने मैंने तेरे लिए ही सात रंग के सपने चुने... पर प्रस्तुति दी। अन्य पुराने सदाबहार गीतों पर भी प्रस्तुतियां दी गईं।

## एजूकेशन अपडेट

## ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की सूची वेबसाइट पर, वैधता अनिवार्य

**रायपुर।** यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमिशन ने जनता को मान्यता प्राप्त डिग्री नामों के समान संक्षिप्ताक्षर वाले फेक ऑनलाइन प्रोग्राम से सतर्क रहने के लिए चेतावनी जारी की है। अधिकारियों ने इसको लेकर मुख्य रूप से 10 दिन वाले एमबीए कोर्सेज पर निशाना साधते हुए यह चेतावनी जारी की है। यूजीसी का कहना है कि, 'कुछ व्यक्ति या संगठन उच्च शिक्षा प्रणाली के मान्यता प्राप्त डिग्री कार्यक्रमों के समान संक्षिप्त रूपों के साथ ऑनलाइन प्रोग्राम और पाठ्यक्रम पेश कर रहे हैं। ऐसा ही एक कार्यक्रम जिसकी ओर आयोग का ध्यान आकर्षित किया गया है वह है '10 दिवसीय एमबीए'। किसी डिग्री का नामकरण, उसके संक्षिप्त रूप, अवधि और प्रवेश योग्यता सहित अन्य मापदंड यूजीसी द्वारा तय किए जाते हैं। आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशन के माध्यम से इसकी सूचना भी दी जाती है।

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये
UGC - NET

### इस संस्थान को मिलेगी मान्यता

यूजीसी ने स्पष्ट किया कि केवल सेंट्रल एक्ट, प्रोविंशियल एक्ट या स्टेट एक्ट द्वारा या उसके तहत स्थापित या कॉर्पोरेट यूनिवर्सिटी, या संसद के अधिनियम द्वारा विशेष रूप से सशक्त विश्वविद्यालय या संस्थान के रूप में समझा जाने वाला संस्थान ही डिग्री प्रदान करने का अधिकार रखता है। उच्च शिक्षा संस्थानों को यूजीसी नियमों के अनुसार किसी भी ऑनलाइन डिग्री कार्यक्रम की पेशकश करने के लिए यूजीसी से अनुमोदन प्राप्त करना भी जरूरी है। ऑनलाइन प्रोग्राम पेश करने के लिए मान्यता प्राप्त उच्च शिक्षा संस्थानों और अनुमत ऑनलाइन कार्यक्रमों की एक सूची आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## तीज के लिए सप्ताहभर पहले से तैयार हो रही पूजन सामग्री, फुलेरा के लिए अभी से बुकिंग

# थाल को दे रहे छत्तीसगढ़ी टच, इसमें कपल की तस्वीर बॉलीवुड थीम पर फूलों से बने आभूषण हो रहे तैयार

तीज से पहले शहर के बाजारों में विभिन्न प्रकार की वस्तुओं की खरीदारी जारी है। इसके लिए छोटे व बड़े दुकानों में खरीदारों की भीड़ देर रात तक देखने को मिल रही है। 5 सितंबर को महिलाएं करु भात खाएंगी। इसके दूसरे दिन तीज का व्रत रखा जाएगा। व्रत की तैयारियों को लेकर शहर के विभिन्न स्थानों पर छोटी व बड़ी दुकानें सजाई गई हैं, जिसमें न्यू डिजाइन के साथ कई वस्तुएं शामिल हैं।

**रायपुर।** इस वर्ष डिजाइनर थालियों की डिमांड सबसे अधिक है। जिसमें महिलाएं कस्टमाइज रुप से अपनी पूजा की थाली तैयार करा रही हैं। इसमें पति-पत्नी की फोटो व रेजिन आर्ट से थाली कस्टमाइज कराई जा रही है। तीज को यादगार बनाने के लिए महिलाएं अपनी शादी से जुड़ी वस्तुओं को भी शामिल कर रही हैं। दुकान संचालकों के अनुसार, इस वर्ष सोने-चांदी के साथ हैंडमेड आर्टिफिशियल ज्वेलरी की भी डिमांड की जा रही है। अधिक कीमत होने के बाद भी इसे खरीदा जा रहा है।



### व्रत के लिए फुलेरा 200-500 रुपए तक

बूढ़ातालाब स्थित एक दुकान के संचालक गणेश पटेल ने बताया, तीज पर्व के एक दिन पहले से फुलेरा की खरीदारी की जाती है। व्रत के एक दिन पहले थोक व्यापारियों से फूलों की खरीदी की जाती है। इसमें विभिन्न प्रकार के फूल शामिल होते हैं। जिसे कोलकाता, नागपुर से मंगाया जाता है। तीज पर्व के दौरान मोती, गेंदा, गुलाब जैसे अनेक फूलों के साथ इसे तैयार किया जाता है। इसकी कीमत 200 रुपए से शुरु होकर 500 रुपए तक है। एक फुलेरा को तैयार करने में कई तरह के फूलों की आवश्यकता होती है, जितना अधिक फूल लगाया जाता है। उतना ही कीमत बढ़ती जाती है।



### लाल व हरे रंग की ज्वेलरी

न्यू राजेन्द्र नगर स्थित एक दुकान की संचालक आयुषी आमेसर ने बताया, तीज पर्व में महिलाएं अपने ड्रेस के अनुसार ही ज्वेलरी तैयार कराना पसंद करती है। तीज पर अधिकतर लाल व हरे रंग की ज्वेलरी तैयार कराई जाती है। दुकान में कस्टमाइज ज्वेलरी तैयार की जाती है। इसमें ईयर रिंग, कंगन, चुड़ी, नेकलेस, माथ बिंदिया शामिल होते हैं। जिसकी कीमत 200 रुपए से 2 हजार तक है।



### तीज में फ्लोरल ज्वेलरी की डिमांड

पंडरी रोड स्थित एक दुकान की संचालक ममता बात्रे ने बताया, दुकान में कस्टमाइज व हैंडमेड ज्वेलरी बनाई जाती है। तीज के दौरान सबसे अधिक पति के नाम वाली डिजाइन डिमांड में होती है। इस वर्ष फ्लोरल ज्वेलरी व फ्रेश फ्लॉवर ज्वेलरी की डिमांड है। इसे मनपसंद फूलों के अनुसार तैयार किया जाता है। इसकी कीमत 1 हजार से 5 हजार तक है। ज्वेलरी की डिमांड फिल्मी या ऑनलाइन फोटो के अनुसार अधिक आती है। अब खरीदार मनपसंद फिल्मी अभिनेत्री की तरह तैयार होना अधिक पसंद करते हैं।



### कस्टमाइज्ड थाल में पति-पत्नी की तस्वीर

समता कालोनी स्थित एक दुकान की संचालिका प्रीति ने बताया, इस वर्ष डिजाइनर व लाइट वेट की थाली डिमांड में है। इसमें मोर थीम व छत्तीसगढ़ी वस्तुओं के साथ थाली तैयार की जा रही है। जिसमें छोटे आकार के पर्रा, सुपा, टोकरी सहित छोटी मूर्तियों को शामिल किया गया है। इस वर्ष कपल्स फोटो के साथ थाली कस्टमाइज करा रहे हैं, जिसमें पति-पत्नी की फोटो के साथ थाली तैयार होती है। इसमें अन्य पूजन सामग्री भी होती है। इसकी कीमत 500 से शुरु होकर 2 हजार तक है।



## साक्षरता फैलाने लगाएंगे मेला नृत्य व पेंटिंग के जरिए संदेश

**रायपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत लागू किए गए 'उल्लास नव भारत साक्षरता' कार्यक्रम के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज के सभी वर्गों में शिक्षा का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से 1 से 8 सितंबर 2024 तक देशव्यापी साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान शिक्षा और साक्षरता पर केनद्रित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।



साक्षरता सप्ताह का समापन 8 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने बताया कि इस साक्षरता सप्ताह के दौरान पूरे देशभर में जिला, ब्लॉक, नगरीय क्षेत्रों और ग्राम पंचायतों के साथ-साथ प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से बुनियादी साक्षरता, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल और सतत शिक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### महिला साक्षरता पर केंद्रित रहेंगे कार्यक्रम

साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत पहले दिन 1 सितंबर को उल्लास रथ की रवानगी और शैक्षणिक संस्थाओं में विभिन्न सेमिनार व सम्मेलन का आयोजन होगा। दूसरे दिन 2 सितंबर को समस्त शैक्षणिक संस्थानों में 'सबके लिए शिक्षा' पर केंद्रित गीत, नृत्य, पेंटिंग जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। तीसरे दिन 3 सितंबर को पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों में उल्लास कार्यक्रम पर चर्चा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसी तरह 4 सितंबर को उल्लास महिला साक्षरता पर केंद्रित कार्यक्रम और व्यावसायिक कौशल पर आधारित सामग्री का प्रदर्शन होगा। 5 सितंबर को शैक्षणिक संस्थानों में उल्लास नवभारत साक्षरता पर केन्द्रित थीम पर भाषण और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। नवाचारी गतिविधियों का प्रदर्शन, सतत शिक्षा पर केंद्रित कार्यक्रम, उल्लास साक्षरता रैली सहित अन्य आयोजन भी होंगे।




## पुस्तकालय संस्कृति को अपनाएं छात्र

**रायपुर।** मैट्स यूनिवर्सिटी में बीटेक और पीजी पाठ्यक्रमों के छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम की शुरुआत बुधवार से की गई। कुलपति डॉ.यादव ने छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समय का सदुपयोग करने और पुस्तकालय संस्कृति को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस 7-दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को कॉलेज के वातावरण से परिचित कराना और शिक्षा के तकनीकी व सामाजिक पहलुओं से अवगत कराना है। कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति डॉ.केपी यादव, रजिस्ट्रार गोकुलानंद पांडा, इंजीनियरिंग विभाग की निदेशक डॉ. आशा अंबइकर सहित विशिष्ट अतिथि प्रो.पीके निमोणकर उपस्थित रहे। डॉ. अंबइकर ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से कॉलेज की पृष्ठभूमि, बुनियादी ढांचे, और उपलब्धियों को साझा किया और छात्रों को ईमानदारी से अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

## गायक हंसराज से हरिभूमि की विशेष बातचीत, कहा- मैं सनातन धर्म के लिए ताउम्र गाता रहूंगा भजन

# जिस कॉलेज में की पढ़ाई, वहीं कैंटीन में मांजते थे बर्तन

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** 'मेरा भोला है भंडारी' और 'राधे राधे' जैसे गाने गा चुके जाने-माने सिंगर हंसराज रघुवंशी इन दिनों राजधानी रायपुर में हैं। हंसराज रघुवंशी हिमाचल प्रदेश में सोलन जिले के मांगल गांव के रहने वाले हैं। 2019 में उनका गाना 'मेरा भोला है भंडारी' रिलीज हुआ था, जो लोगों को खूब पसंद आया। इसके बाद वो लाइमलाइट में आए। हरिभूमि ने रायपुर में दही हांडी कार्यक्रम में शामिल होने आए हंसराज रघुवंशी से खास बातचीत की। गुढ़ियारी मैदान में समाजसेवी बसंत अग्रवाल द्वारा आयोजित दही हांडी कार्यक्रम में उन्होंने मंगलवार देर रात तक भजनों की प्रस्तुति दी थी। हंसराज रघुवंशी कहते हैं कि उनका संगीत के प्रति झुकाव बचपन से ही था। उनके पिता एक भजन गायक थे और वे अक्सर उन्हें सुनने जाया करते थे। उस समय हंसराज कक्षा 6वीं में थे और तभी से उनके गाने की शुरुआत हुई। वे कहते हैं कि उनके सफलता के पीछे सोशल मीडिया का भी अहम योगदान है।



### जब पैसों के लिए गाया, सफल नहीं हुआ

हंसराज रघुवंशी का मानना है कि जब भी उन्होंने पैसों के लिए या हिट होने के लिए गाना गाया, वह सफल नहीं हुआ। लेकिन जब उन्होंने भगवान के लिए गाया, बिना किसी उम्मीद के, वह गीत सफल रहा। वे मानते हैं कि जो भी होता है, वह भगवान की इच्छा से होता है। धर्मपत्नी ने संघर्ष के समय में भी साथ दिया। वे कहते हैं कि समय हमेशा बदलता रहता है, कभी अच्छा, कभी बुरा। उनकी धर्मपत्नी ने हर समय उनका साथ दिया और वही उनके लिए सबसे बड़ी दौलत है।

### संस्कृति और भगवान भोलेनाथ के प्रति झुकाव

हंसराज कहते हैं बॉलीवुड के गाने सुनना बुरा नहीं है, लेकिन उन्हें भजनों से ही ख्याति मिली है। शुरूआत में वे भी हिंदी और बॉलीवुड के गाने गाना चाहते थे। भोलेनाथ की कृपा से उन्हें भजन गाने का अवसर मिला। अब भजन गाने को अपना जीवन लक्ष्य मान लिया है। वे अपने सनातन धर्म के लिए ही गाने गाते रहेंगे। वे कहते हैं, मैं सनातन धर्म के लिए गीत गाता हूं, लेकिन किसी अन्य धर्म के खिलाफ नहीं हूं। वे जब भी गाना लिखते हैं तो हाथ में किताब और पेंसिल नहीं रखते हैं। बस एकांत में बैठते हैं और वे भजनों के बोल तैयार करते हैं।

### आर्थिक तंगी के कारण नहीं कर पाए पढ़ाई

सिंगर बनने से पहले कुछ दिनों तक हंसराज रघुवंशी कैंटीन में काम भी करते थे। हंसराज ने बताया कि पैसों की कमी के चलते वह अपनी पढ़ाई भी पूरी नहीं कर पाए। उन्होंने कहा, मैं जिस कॉलेज में पढ़ रहा था, मैंने उसी कॉलेज की कैंटीन में बर्तन धोने का काम किया। पैसों की वजह से वह आगे की पढ़ाई नहीं कर पाए, लेकिन इस बात का उन्हें कोई मलाल नहीं है।

### मां से मिली प्रेरणा

उनका मानना है कि इंसान के पास कुछ भी नहीं होता, सब कुछ प्रभु करते हैं। जीवन में सफलता पाने के लिए बड़ी तपस्या करनी पड़ती है। 2011 से लेकर 2019 तक मेहनत की। गाने लिखे, कंपोज किए, और यूट्यूब पर पोस्ट किए। उन्होंने कई बार असफलता का सामना किया। मां से मिले संस्कारों के कारण जीवन में कभी हार नहीं मानी। उनका उपनाम 'बाबा' उनके एक भजन 'बाबा जी' से मिला। उन्होंने यह नाम कभी खुद नहीं लिखा, लेकिन लोग उन्हें बाबा कहने लगे।

### भजन गाने के लिए कभी नहीं लिया पैसे

हंसराज रघुवंशी कहते हैं कि उन्होंने भजन गाने के लिए कभी किसी से कोई पैसा नहीं लिया। जब कहीं किसी भगवान से जुड़े कार्यक्रम में लोगों को टिकट खरीदने की नौबत आए तो वे इसका विरोध करते हैं। जब किसी बॉलीवुड सिंगर के कंसर्ट में हजारों की टिकट खरीदकर उन्हें जाना पड़े तो उन्हें कोई परेशानी नहीं होती। हमें इस सोच को बदलने की जरूरत है। भजन सुनने से पॉजिटिविटी आती है और आज के कलयुग में ऐसी स्थिति है कि इंसानों की किसी की गाड़ी किसी से टच भी हो जाती है अपशब्दों का प्रयोग शुरू कर देते हैं। जब आप पॉजिटिव में रहेंगे भगवान का गुणगान करेंगे तो ऐसा नहीं होगा।

## सिटी लाइव

# रामायण के जरिए जिंदगी की सीख संघर्ष और उपलब्धियों का चित्रण



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में नवप्रवेशित बीटेक और बीआर्क छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। निदेशक डॉ.एनवी रमना राव ने संस्थान की सुविधाओं, उपलब्धियों का विस्तृत विवरण देते हुए नए छात्रों को संस्थान के अनुशासन और मूल्य प्रणाली के प्रति जागरूक किया। बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष डॉ. सुरेश हावरे ने अध्ययन में कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि, "जीवन बहुत छोटा है और हर पल का सदुपयोग करना चाहिए"। उन्होंने कम्यूनिकेशन और प्रेजेंटेशन स्किल्स को सुधारने पर जोर दिया और छात्रों को अलग-अलग राज्यों के विद्यार्थियों के मित्र बनाने की सलाह दी।

### नागालैंड के छात्रों साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान

'लाइफ लेसन फ्रॉम रामायण' विषय पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान भी आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में यशोदीप देवधर मौजूद रहे। आईआईटी बॉम्बे और आईआईएम अहमदाबाद के अलुमिनी देवधर अपने यूट्यूब चैनल के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने भगवान राम के जीवन, संघर्ष और उपलब्धियों पर आधारित एक सुंदर चित्रण प्रस्तुत किया। उन्होंने रामायण के विभिन्न पात्रों और उनकी कहानियों के द्वारा जीवन के मूल्यों को समझाया। छात्रों विभिन्न विभागों, पाठ्यक्रमों, शैक्षणिक कैलेंडर, पंजीकरण प्रक्रिया, क्रेडिट और ग्रेडिंग प्रणाली एवं मूल्यांकन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा नागालैंड और रायपुर के छात्रों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान, डिस्पेंसरी और काउंसलिंग सेवाओं की जानकारी दी।

## एजूकेशन अपडेट

# सीटेट के ओएमआर शीट ले सकेंगे अभ्यर्थी, अर्जी 15 तक

**रायपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) के जुलाई 2024 सत्र में सम्मिलित हुए उम्मीदवारों को उनके अनुरोध पर ओएमआर शीट और कैलकुलेशन शीट जारी करने की घोषणा की है। इस क्रम में बोर्ड द्वारा उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। ऐसे में जो उम्मीदवार सीटेट जुलाई 2024 सत्र की अपनी ओएमआर और कैलकुलेशन शीट प्राप्त करना चाहते हैं, वे निर्धारित प्रक्रिया से 15 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों को अपनी शीट प्राप्त करने के लिए आवेदन ऑफलाइन मोड में करना होगा। उम्मीदवारों को अपने आवेदन में अपना रोल नंबर, नाम और पता अंकित करना होगा। इसके साथ ही उम्मीदवारों को आवेदन के साथ 500 रुपए का डिमांड ड्राफ्ट भी संलग्न करना होगा।

### 24 जुलाई को जारी हुए थे मॉडल आंसर

सीबीएसई ने सीटेट का आयोजन 7 जुलाई को किया था। इसके बाद बोर्ड ने 24 जुलाई को मॉडल आंसर जारी करते हुए उम्मीदवारों से उनकी आपत्तियों को 27 जुलाई तक आमंत्रित किया था। इन आपत्तियों की समीक्षा के बाद सीबीएसई ने नतीजों की घोषणा 31 जुलाई को कर दी थी। नतीजों के बाद उम्मीदवारों के अनुरोध पर बोर्ड ने शीट जारी करने का निर्णय लिया। गौरतलब है कि इस बार की परीक्षा के अंतर्गत पेपर-1 के लिए 8,30,242 उम्मीदवारों ने पंजीकरण किया था और इनमें से 6,78,707 सम्मिलित हुए थे। सम्मिलित हुए उम्मीदवारों में से 1,27,159 को सफल घोषित किया गया। इसी प्रकार, पेपर 2 के लिए पंजीकृत 16,99,823 उम्मीदवारों में से 14,07,332 परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिनमें से 2,39,120 उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं।

## कैंपस इवेंट

# योग से बढ़ा सकते हैं नेत्र ज्योति नियमित दिनचर्या में भी लाभदायक



**रायपुर।** अग्रसेन महाविद्यालय एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रतीक जैन उपस्थित रहे। एक दिवसीय शिविर का आयोजन बुधवार को कॉलेज परिसर में किया गया, जहां आप्टोमेट्रिक आकांक्षा डिसूजा, टेकनीशियन ओमप्रकाश प्रजापति, सीआरओ दर्शन यादव द्वारा छात्रों की नेत्र जांच की गई। इस दौरान 50 से अधिक विद्यार्थियों ने निशुल्क परीक्षण शिविर का लाभ उठाया।

### व्याख्यान में आसनों की जानकारी

समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों ने शिविर संचालन किया। इस दौरान योग विभाग द्वारा एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन भी किया गया। जहां आसन एवं तकनीकी विषय पर लगभग 2 घंटे का व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक यशोदा द्वारा विद्यार्थियों को कई आसनों की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा योग के आसनों को व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसमें आप शरीर को उच्च आसनों में तैयार करने की कला सीखते हैं, जो नियमित दिनचर्या के लिए लाभदायक होता है। इस दौरान महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ.वीके अग्रवाल, प्राचार्य डॉ.युलेन्द्र कुमार राजपूत, डॉ. अमित अग्रवाल मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

---

● 2024 में कम मुहूर्त होने के कारण भवन, धुमाल सहित अन्य सभी चीजों के लिए मारामारी

# साल खत्म होने से पहले विवाह के लिए मिलेंगे सिर्फ 8 दिन, शहर के सभी भवन पैक्ड, धुमाल और बैंड-बाजे भी 4 माह पहले ही बुक

" जिन लोगों ने वर-वधू की तलाश में विलंब किया, ऐसे लोगों को 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी के बाद लग्न वेदी सजाने के लिए कई शुभ मुहूर्त मिलने वाले हैं। देवशयनी के चलते चार महीने शुभ कार्यों पर अभी विराम लगा है। नवंबर व दिसंबर में आठ दिन मुहूर्त मिलने वाला है। इसके चलते एक बार फिर बाजार में रौनक लौटने वाली है। जिन लोगों ने बेटे व बेटी का रिश्ता तय किया है, अब वे शादी के लिए फार्म हाउस व भवनों के साथ ही बैंडबाजे, धुमाल व पंडित भी तय करने लगे हैं। चूंकि मुहूर्त कुछ दिनों का ही मिल सका है, इसलिए बुकिंग भी अभी से प्रारंभ कर दी गई है।



### लग्न करवाने पुरोहितों की बुकिंग

पंडित मनोज शुक्ला ने बताया, नवंबर से विवाह समारोह फिर से शुरू होंगे। 22,23 और 27 नवंबर के बाद लोगों को दिसंबर में भी 4,6,7,12 और 14 को भी शुभ लग्न मिलने वाला है। जिन लोगों ने बेटे-बेटी का रिश्ता खोजने में समय लगा दिया, ऐसे परिवारों ने अभी से तैयारी शुरू किया है। पुरोहितों को शुभ विवाह करवाने के लिए अभी से लोगों ने बुकिंग कर ली है। इस तरह की स्थिति इस बार 2024 में कम मुहूर्त मिलने के कारण है। भवन के अलावा लग्न करवाने के लिए पंडितों की कमी का भी सामना लोग कर रहे हैं।

### नौ महीने पहले कराई बुकिंग

वीआईपी रोड स्थित निरंजन धर्मशाला के बारे में सुभाष अग्रवाल ने बताया कि जिन लोगों को भी वैवाहिक आयोजन के लिए भवन की जरूरत होती है, वे शादी की तिथि तय होने के बाद प्राथमिकता से भवन बुक कराते हैं। नवंबर व दिसंबर में मिलने वाले सभी मुहूर्त के लिए नौ महीने पहले से ही लोग बुकिंग करा चुके हैं। भवन बुकिंग के दौरान सिर्फ मेंटेनेंस शुल्क का प्रावधान होने से लोग प्रतिदिन के हिसाब से 50 से 75 हजार तक मेंटेनेंस शुल्क ही जमा करते हैं।



**रायपुर।** चातुर्मास के चलते चार महीने शुभ कार्यों पर लगा विराम हटने से पहले ही शहर के होटल, फार्म हाउस सहित प्राइवेट भवनों में भी एक बार फिर से शादी के लिए लग्न वेदी सजाने की तैयारी शुरू हो गई है। अलग-अलग तिथि में नवंबर में तीन दिन तो दिसंबर में 5 दिन ही मुहूर्त मिल रहा है। इसे देखते हुए लोगों ने बेटे-बेटी की शादी के लिए तैयारी तेज कर दी है। लंबे



इंतजार के बाद मांगलिक आयोजनों के लिए सीमित मुहूर्त मिलेंगे। इस लिहाज से प्रत्येक चीज की बुकिंग पर्याप्त समय पहले की जा रही है, ताकि अन्य कोई दिक्कत ना हो। कम मुहूर्त होने के कारण अधिकतर शादियां इन दिनों ही होगी। इस कारण सर्वाधिक समस्या भवन को लेकर आ रही है। शहर के अधिकतर सामाजिक भवन पहले से ही बुक हो चुके हैं।

### प्राइवेट व निगम के भवन फुल

फार्म हॉउस व निजी किराया भवनों का संचालन करने वाले शैलेष गुप्ता ने बताया कि नवंबर-दिसंबर में विवाह के लिए मुहूर्त कम मिलने से लोगों ने पहले से भवन बुक किया है। लोग खुद दौड़-भाग करने की बजाय विभिन्न रेंज में लग्न मंडप व रिसेप्शन के लिए स्टेज, खाना और सजावट के लिए ऑर्डर बुक करवा रहे हैं। शादियों में लोग पहले की अपेक्षा कम लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं। निगम के अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि मांगलिक आयोजन के लिए 15 से ज्यादा भवन पहले से बुक हैं।

### बैंडबाजे व धुमाल की बढ़ी मांग

बैंडबाजे के व्यावसाय से जुड़े भागवत चौहान ने बताया कि शादी के 4 माह पूर्व से ही बैंजबाजे व धुमाल के लिए जानकारी लेने और बुकिंग की प्रक्रिया जानने के लिए लोग आ रहे हैं। ज्यादातर लोग इंवेंट कंपनी से सारी चीजें एक साथ बुक करवाने लगे हैं। गुलशन यादव ने बताया कि डीजे व धुमाल की बुकिंग नवंबर-दिसंबर के प्रत्येक मुहूर्त के लिए की जा चुकी है। वीआईपी रोड, काठाडीह, टाटीबंध, कचना और जोरा के होटलों व फार्म हॉउस के लिए बुकिंग मिली है।

---

# दूसरों की निंदा से बेहतर है अपने दुर्गुणों की निंदा करना





**रायपुर।** सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अचौर्य और ब्रह्मचर्य महत्वपूर्ण विषय है। इन पांच सिद्धांतों से व्यक्ति अपना जीवन सफल बना सकता है। हर व्यक्ति इन सिद्धांतों पर अमल करे तो दुनिया में कहीं कोई समस्या नहीं रहेगी। चातुर्मास के दौरान एमजी रोड स्थित श्री जैन दादाबाड़ी में विराग मुनि द्वारा यह प्रवचन दिया गया। प्रवचन के दौरान विराग मुनि ने कहा, इंसान बनना है या शैतान, यह निर्णय व्यक्ति करता है। जीवन में सिर्फ योग्यता होना काफी नहीं, समर्पण की भावना भी होनी चाहिए। परिवार, व्यापार,अध्यात्म जैसे विभिन्न क्षेत्रों में समर्पण जरुरी है, जिसके बिना जीवन के भिन्न क्षेत्र में सफलता नहीं मिल सकती।

### दादा गुरुदेव इकतीसा जाप का समापन

मुनि ने कहा, परमात्मा कहते हैं कि उत्तम चरित्र, उत्तम धर्म और उत्तम श्रावक की प्रशंसा करो। साथ ही उनके गुणों को अपनाओ। परमात्मा ने जिनके गुणों को अपनाने को कहा है, वर्तमान समय में व्यक्ति उनकी निंदा करते नजर आ रहा। दूसरों की निंदा से बेहतर है अपने दुर्गुणों की निंदा करें। धर्म के आचरण से राज राग द्वेष को कम होना चाहिए, लेकिन यह बढ़ता जा रहा है। बुधवार को श्रीजैन दादाबाड़ी में आयोजित एक महीने से जारी दादा गुरुदेव इकतीसा जाप का समापन किया गया। आत्मस्पर्शीय चातुर्मास समिति के अध्यक्ष पारस पारख, महासचिव नरेश बुरड़, कोषाध्यक्ष अनिल दुग्गड़, मुकेश निमाणी, गौरव गोलछा उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ी परिधान व आभूषण में नजर आएंगी माता कौशल्या

**रायपुर।** "कौशल्या संग तीजा तिहार" नाम से इस बार चंद्रखुरी में एक अभिनव पहल की जा रही है। अनुष्ठान की तर्ज पर इस आयोजन को किया जाएगा। चित्रोत्पला लोक कला परिषद के सदस्य इसके पहले चरण में दो सदस्य माता कौशल्या को तीजा के लिए लाने के लिए अयोध्या गए थे। दशरथ महल से पवित्र मिट्टी लाने के बाद उस मिट्टी से माता कौशल्या की मूर्ति तैयार की जा रही है। मूर्तिकार पीलू साहू यह प्रतिमा तैयार कर रहे हैं। चंदखुरी में मूर्तिकार द्वारा माता कौशल्या की मूर्ति छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में तैयार की जा रही है।



अयोध्या से लाई गई है मिट्टी

### पूरी की जाएगी करू भात की रस्म

माता को छत्तीसगढ़ी आभूषण भी धारण कराए जाएंगे। इस आयोजन के संयोजक राकेश तिवारी ने बताया कि इस मूर्ति को एक सितंबर को चंदखुरी ले जाया जाएगा। जिसे वहां पंडवानी गायिका प्रभा यादव के घर तीन से सात सितंबर तक स्थापित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में माता-बहनें जिस तरह से तीजा मनाती हैं और इसके लिए मायके जाती हैं, उसी प्रकार माता कौशल्या के लिए तीजा उत्सव होगा। इसमें संस्कृति की झलक के साथ ही नांदिया बैला दौड़, जाता पिसाई का प्रदर्शन, महिलाओं द्वारा करु भात खिलाना, बासी खिलाने के बाद साड़ी भेंट करके बिदाई की रस्म निभाई जाएगी। संस्था सदस्य डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर, प्रभा यादव, हेमलाल पटेल, सुरेश ठाकुर, सविता तिवारी, घंसिया राम वर्मा आदि भी इसमें सहयोग दे रहे हैं।

# मिस्टर, मिस व मिसेज छत्तीसगढ़ 30 को, एक्सपर्ट देंगे ग्रूमिंग टिप्स

**रायपुर।** फैशन और ग्लैमर की दुनिया में रचे-बसे युवाओं के लिए फैशन अफिनिट द्वारा आयोजित मिस्टर, मिस, मिसेज और टीन छत्तीसगढ़ 2024 प्रतियोगिता का आयोजन 30 अगस्त को किया जाएगा। क्लब पराइसो, मारुति लाइफ स्टाइल कोटा रोड में यह आयोजन शाम 6 बजे शुरू होगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ के युवाओं और महिलाओं को अवसर देने के लिए किया जा रहा है। जहां वे अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का प्रदर्शन कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता के लिए विशेष रूप से चुने गए प्रतिभागियों को भारत के प्रसिद्ध ग्रूमर केतन आर्मारकर विभिन्न राउंड्स के लिए तैयार करेंगे।



### प्रतियोगिता में होंगे कई राउंड्स

इस भव्य प्रतियोगिता में कई राउंड्स होंगे। जिनमें प्रतिभा प्रदर्शन, रैंप वॉक, प्रश्नोत्तर सत्र व आकर्षक गतिविधियां शामिल होंगी। हर राउंड में प्रतिभागियों की विविध क्षमताओं और गुणों का मूल्यांकन किया जाएगा। फाइनल मुकाबला 30 अगस्त को होगा। जहां प्रतिभागी अपनी पूरी तैयारी और मेहनत के साथ मंच पर प्रयास करेंगे। इसमें विभिन्न वर्ग में विजेताओं की घोषणा होगी। विष्णु कुजूर, ईशा मिश्रा ने बताया कि मिस, मिस्टर, मिसेज छत्तीसगढ़ के साथ टीन छत्तीसगढ़ 2024 का भी चयन होगा।

---

महिलाओं ने की आत्मनिर्भर बनने पहल, सालाना 3 से 5 लाख का बिजनेस

# तोहफा देने हर्बल होममेड साबून, शैंपू-क्रीम व श्रृंगार प्रोडक्ट की बढ़ी पूछ-परख, इंदौर-भोपाल जैसे शहरों से मिल रहे ऑर्डर

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** समय के साथ शहर की महिलाएं खुद को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी प्रयास करने लगी हैं। हर्बल होम मेड साबून, शैंपू, क्रीम सहित जूट का उपयोग करके श्रृंगार के लिए भी प्रोडक्ट व गिफ्ट आयटम बना रही हैं। इसे मेले में भी स्टॉल सजाकर बेचती हैं। तीज-त्योहार में इनकी पूछ-परख भी ज्यादा रहती है। आयुर्वेदिक जड़ी-बुटियों से तैयार होने वाले प्रोडक्ट की रायपुर ही नहीं इंदौर व भोपाल में भी डिमांड है। आर्डर मिलने पर कुरियर के जरिए भी आर्डर पूरा कर रही हैं। इससे महिलाएं हर साल तीन से पांच लाख का बिजनेस कर रही हैं। अभी तीज-त्योहार में प्रोडक्ट को लोग बहनों को गिफ्ट देने के लिए भी खरीद रहे हैं। तीज-त्योहार के अवसर पर समूह में आयोजन के दौरान गिफ्ट देने के लिए भी इसके आर्डर दिए जा रहे हैं। इससे होममेड व हर्बल प्रोडक्ट की मांग बढ़ी है।





### केमिकल से बचने कर रहे इस्तेमाल

होम मेड प्रोडक्ट बनाने वाली महिलाओं ने बताया कि बाजार में मौजूद केमिकल युक्त सामग्री का उपयोग करने से स्कीन पर होने वाले असर से बचने के लिए होम मेड का इस्तेमाल करना पसंद किया जा रहा है। लोगा बाजार में बिकने वाले साबून, शैंपू ही नहीं बल्कि क्रीम का भी उपयोग करने से बच रहे हैं। जो महिलाएं एक बार होम मेड का इस्तेमाल कर रही हैं, वे बाजार में बिकने वाले प्रोडक्ट से तौबा करने लगी हैं। इससे हर साल लाखों का बिजनेस भी मिलने लगा है। इसे दूसरे शहरों से भी रिस्पांस मिलने से आर्डर भी पूरा कर रही हैं।

### रीठा, शिकाकाई, आंवला, अलसी के बीजों का उपयोग


आयुर्वेदिक जड़ी-बुटियों का उपयोग करके रचना सिंह ने शैंपू, साबून, फेशवास, फेश पैक, क्रीम बनाती हैं। वे बताती हैं कि 15 तरह के साबून, 5 तरह की क्रीम सहित 25 तरह के हर्बल प्रोडक्ट को बनाने के लिए रीठा, शिकाकाई, आंवला, अलसी के बीजों का उपयोग किया जाता है। एलोवेरा जैसे कई तरह की सामग्री का इस्तेमाल करके वे घर में ही होम मेड प्रोडक्ट तैयार करती है। उन्होंने बताया कि इसे बेचने के लिए स्टॉल लगाने की बजाय मिलने वाले आर्डर पर इन चीजों को उपलब्ध कराते हैं। सामाजिक संस्थाओं की महिलाएं गिफ्ट देने के लिए भी इसे आर्डर करती हैं। इससे हर महीने 40 से 50 हजार की कमाई होती है। इस बार इंदौर और भोपाल से भी 10 आर्डर मिले हैं। इसे कुरियर के माध्यम से भेजने की तैयारी कर रहे हैं।

### महिलाएं गिफ्ट देने कर रही खरीदी

जूट, धागे व अलग-अलग अनाज के बीजों का उपयोग करके महिलाओं के लिए श्रृंगार सामग्री बनाने वाली डॉ. शुभा मिश्रा ने बताया कि इस बार तीज को खास बनाने के लिए शिव-पार्वती थीम पर भी कई तरह के प्रोडक्ट तैयार किए गए हैं। महिलाओं द्वारा इसे पसंद भी किया जा रहा है। इस बार हेयरबैंड, माला के साथ ही बच्चों की पसंद को देखते हुए वर्णमाला, गिनती व ट्रायबल आर्ट पर आधारित पाठ्य सामग्री तैयार की गई है। तीज में गिफ्ट देने के लिए 20 छोटे-बड़े समूह मिलकर तीन सौ से ज्यादा पैकेट तैयार करने के लिए हर साल आर्डर करते हैं। राज्योत्सव, स्वदेशी मेला, गोंडवाना महोत्सव सहित अन्य मेले में स्टॉल लगाने से वहां होम मेड प्रोडक्ट की महिलाओं के बीच पूछ-परख होती है। इसे गिफ्ट देने के लिए भी लोग खरीदते हैं।



व्यक्तित्व का राज



## आंखों के रंग में छिपा है आपकी शख्सियत का राज, जानें कैसे

एक कहावत है कि आपकी आंखें आपके बारे में बहुत कुछ बयां कर सकती हैं। वास्तव में ये काफी हद तक सच है कि आंखें आपके भीतर होने वाली गतिविधियों का आईना होती हैं। हालांकि काफी हद तक आंखों का रंग सिर्फ आपकी शारीरिक रचना है, लेकिन अगर हम ज्योतिष की मानें तो हमारे आंखों के रंगों में हमारे व्यक्तित्व का राज छिपा होता है। यदि आपकी आंखें हल्की या मध्यम भूरी हैं तो आप एक मज़ेदार, दूसरों की देखभाल करने वाले और सहज व्यक्ति हो सकते हैं। आप वास्तव में एक विनम्र व्यक्ति हैं और स्वभाव से बहुत स्वतंत्र हैं।

### हरी आंखों वाले लोगों की पर्सनैलिटी

हरी आंखों वाले लोग आमतौर पर रहस्यमयी होते हैं। इस रंग की आंखों वाले लोगों का दृष्टिकोण रचनात्मक होता है और वे इतने जिज्ञासु होते हैं कि प्रश्न पूछने के लिए हमेशा उत्सुक रहते हैं। इस तरह के रंग वाली आंखों के लोग जीवंत रहते हैं और युवा व्यक्तित्व से जुड़े होते हैं।

### काली आंखों वाले लोगों की पर्सनैलिटी

गहरी काली आंखों वाले लोगों के व्यक्तित्व को लेकर अक्सर दिलचस्प धारणाएं होती हैं। काली आंखों वाले लोग आमतौर पर




बहुत आशावादी और जिम्मेदार माने जाते हैं। वे अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को गंभीरता से लेते हैं और अपने कार्यों में उत्कृष्टता प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। वे अपनी व्यक्तिगत बातें और योजनाएं दूसरों से छिपाकर रखते हैं, और केवल अपने सबसे करीबी और भरोसेमंद लोगों के साथ ही अपने दिल की बात साझा करते हैं। उनका यह स्वभाव उन्हें एक रहस्यमयी और आकर्षक व्यक्तित्व प्रदान करता है, जो दूसरों को उनकी ओर खींचता है।

### ग्रे आंखों वाले लोगों की पर्सनैलिटी

आप कई बार ऐसे लोगों से मिलते होंगी जिनकी आंखें ग्रे होती हैं। ऐसी आंखों वाले लोग शांत और संगठित स्वभाव के होते हैं और तनावपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने पर अक्सर मजबूत रहकर महान नेता बनते हैं। कई बार ये व्यक्ति अपने तक ही सीमित रह सकते हैं, लेकिन जब उन्हें सही वातावरण और प्रोत्साहन दिया जाता है, तो वे उन्नति करते हैं और आपको अपने तेज दिमाग और ताकत और दृढ़ संकल्प का सच्चा व्यक्तित्व दिखाते हैं।

### कई प्रवृत्तियां पाई जाती हैं आंखों में




प्रत्येक व्यक्ति की आंखों में स्नेह, विश्वास या निराशा आदि में से कई प्रवृत्तियां पाई जाती हैं, जो उचित समय पर तथा उचित परिस्थिति आने पर स्पष्ट रूप से व्यक्ति के व्यवहार में देखने को मिलती है। अन्तर्मन में क्रोध रखने वाले की आंखें अक्सर लाल दिखाई पड़ती हैं, इसी प्रकार आंखों में अन्य मनोभाव जैसे दिल के अन्दर का प्रेम, करूणा, वात्सल्य इत्यादि का पता स्वतः चलने लगता है। इन्हीं सब आंखों के लक्षणों के अनुसार व्यक्ति की मनःस्थिति का रहस्य उजागर होता है। आंखों की पुतलियों का रंग आईने की तरह इंसान के व्यक्तित्व को दर्शाता है। काली और भूरी आंखें ज्यादातर मनुष्यों की होती हैं, कुछ लोगों की आंखों का रंग धुंधला, हरा, नीला, ग्रे अथवा मिश्रित होता है। नीली आंखों वाले गंभीर एवं शांतिप्रिय, तेज दिमाग के होते हैं, वहीं हरी आंखों वाले अन्य लोगों की अपेक्षा अधिक बुद्धिमान होते हैं। हरी आंखों का संबंध बुध ग्रह से माना जाता है। ज्योतिष शास्त्र में आंखों की बनावट, आकार-प्रकार, चेहरे पर उनकी स्थिति, रंग और चंचलता, दृष्टि के आधार पर भविष्यवाणी की जाती है।

देश में हर तीसरे व्यक्ति को फैटी लिवर का खतरा


# लाइफस्टाइल की गड़बड़ आदतें बढ़ा रही हैं फैटी लिवर रोग का खतरा, हो जाइए सावधान

लिवर से संबंधित कई तरह की बीमारियां वैश्विक स्वास्थ्य के लिए बड़ा जोखिम रही हैं। लिवर में फैट बनने यानी फैटी लिवर की समस्या का खतरा कम उम्र के लोगों में भी देखा जा रहा है। केंद्रीय मंत्री डॉ जीतेंद्र सिंह ने एक कार्यक्रम में बताया कि देश में हर तीसरे व्यक्ति को फैटी लिवर डिजीज हो सकती है। सभी लोगों को लिवर की बढ़ती इस बीमारी को लेकर सावधानी बरतना और बचाव के लिए उपाय करते रहना जरूरी है। लिवर में फैट जमने का खतरा उन लोगों में भी देखा जाता रहा है जो शराब नहीं पीते हैं। अध्ययनकर्ताओं ने बताया कि इसके लिए लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी एक कारण हो सकती है। वजन अधिक होना, शुगर कंट्रोल में न रहना भी इस रोग का एक बड़ा मानी जाती हैं।आइए जानते हैं कि दिनचर्या की किन आदतों के कारण आप फैटी लिवर रोग के शिकार हो सकते हैं?



### कम कर दें चीनी का सेवन

अध्ययनकर्ताओं ने बताया, फैटी लिवर रोग विशेष रूप से नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज (एनएएफएलडी) के लिए अधिक मात्रा में चीनी के सेवन को जिम्मेदार माना जाता है। ये आदत ब्लड शुगर के स्तर को काफी बढ़ा देती है जिससे लिवर में वसा की मात्रा बढ़ने लगती है। कैंडी, आइसक्रीम और मीठे पेय भी आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं। ज्यादा चीनी का सेवन करते हैं तो सावधान हो जाइए।



### लिवर में फैट बनने के क्या कारण हैं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कई कारण हैं जो लिवर में फैट की मात्रा बढ़ाने वाले हो सकते हैं। हाई कैलोरी वाली चीजें खाने से जोखिम बढ़ सकती है। जब हमारा लिवर, फैट वाली चीजों को सामान्य रूप से संसाधित और विघटित नहीं कर पाता है तो इसके कारण फैट जमने का खतरा हो सकता है। मोटापा, मधुमेह या हाई ट्राइग्लिसराइड्स जैसी कुछ अन्य स्थितियों से पीड़ित लोगों में भी फैटी लिवर विकसित होने की आशंका अधिक होती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, फैटी लिवर की दिक्कत से बचे रहने के लिए लाइफस्टाइल में कुछ जरूरी बदलाव किए जाने आवश्यक हैं।

### शारीरिक रूप से सक्रिय न रहना खतरनाक

नियमित व्यायाम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। व्यायाम की कमी फैटी लिवर रोग के खतरे को तो बढ़ाती ही है साथ ही इससे शारीरिक और मानसिक कई प्रकार की समस्याओं का खतरा भी हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया शारीरिक रूप से सक्रिय रहने से न सिर्फ फैटी लिवर के प्रबंधन में मदद मिलती है साथ ही जिन लोगों को ये समस्या नहीं है उनमें ये जोखिमों को भी कम करती है। एनएएफएलडी की समस्या वाले लोगों को सप्ताह में कम से कम 150-300 मिनट के मध्यम एरोबिक व्यायाम करने की सलाह दी जाती है।

## अखिल भारतीय टेनिस में शानदार खेल के साथ मैदान में डटे हैं देशभर के खिलाड़ी

**रायपुर।** भिलाई टेनिस कॉम्प्लेक्स में आयोजित एआईटीए सीएसटीए ऑल इंडिया चैंपियनशिप सीरीज सीएस 7 अंडर-12 और अंडर-14 टेनिस टूर्नामेंट 2024 के तीसरे दिन बुधवार को अद्वितीय युवा प्रतिभाओं ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। क्वार्टर फाइनल दौर की झलकियाँ रोमांचक और उत्साह से भरी थीं। बालक एकल अंडर-14 बालक एकल अंडर-14 श्रेणी में, महाराष्ट्र के हेरंब पोहाने ने ओडिशा के सूर्या नाइक को 6-3, 6-0 के प्रभावशाली स्कोर के साथ हराकर अपनी उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया। मध्य प्रदेश के हितार्थ सुराना ने एक रोमांचक मैच में महाराष्ट्र के वेद परदेशी को 4-6, 6-4, 7-5 से हराकर जीत हासिल की।

महाराष्ट्र के लव परदेशी ने ओडिशा के सरीम शेख को 6-0, 6-0 से पराजित करते हुए अपनी उत्कृष्टता साबित की। असम के ईशानदीप बरो ने आंध्र प्रदेश के रेवन्त ऋषि पेंटाकोटा को 6-2, 6-0 के ठोस जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई।

बालिका एकल अंडर-14 बालिका एकल अंडर-14 के क्वार्टर फाइनल भी उतने ही रोमांचक रहे। छत्तीसगढ़ की इशा शर्मा ने महाराष्ट्र की जान्हवी सावंत को 6-0, 6-1 के प्रभावशाली स्कोर के साथ हराकर घरेलू दर्शकों को प्रभावित किया। महाराष्ट्र की समायरा ठाकुर ने अपने राज्य



की साथी खिलाड़ी श्राव्या रंभाजनी को 6-2, 6-2 से हराकर आगे बढ़ीं। महाराष्ट्र की हर्षा देशपांडे ने मध्य प्रदेश की शरन्या जोशी को 6-1, 6-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया, जबकि महाराष्ट्र की अनिका नायर ने असम की क्रिस्टी हालोई को 6-2, 0-6, 7-5 के तनावपूर्ण मुकाबले में मात दी।

बालक एकल अंडर-12 बालक एकल अंडर-12 के क्वार्टर फाइनल में असम के ईशानदीप बरो ने महाराष्ट्र के वेद परदेशी को 6-4, 6-1 से हराकर अपनी अच्छी फॉर्म जारी रखी। आंध्र प्रदेश के रेवन्त ऋषि पेंटाकोटा ने मध्य प्रदेश के विहान नवाब को 6-2, 6-3 से मात दी। महाराष्ट्र के लव परदेशी ने महाराष्ट्र के ही समन्यु जैन को 6-2, 6-2 के ठोस जीत के साथ हराया, जबकि ओडिशा के सूर्या नाइक ने मध्य प्रदेश के हितार्थ सुराना को 3-6, 6-4, 6-3 से हराकर शानदार वापसी की।

## फ्रिज में रखते हैं गर्म खाना सेहत को इससे है नुकसान

फ्रिज में लोग ठंडा गर्म तमाम तरह की चीजें रखते हैं। ऐसे बहुत से लोग हैं, जो अनजाने में अपने फ्रिज में गर्म चीजों को रख देते हैं। बता दें कि फ्रिज में गर्म खाना रखने के एक या दो नहीं कई सारे नुकसान है।

### बढ़ाता है फ्रिज के तापमान को

जब गर्म खाना सीधे फ्रिज में रखा जाता है, तो यह फ्रिज के अंदर का तापमान बढ़ा सकता है। फ्रिज का आइडियल तापमान 4डिग्री (39फैरनहाइट) होता है। गर्म खाना रखने से यह तापमान अस्थिर हो सकता है, जिससे आपका फ्रिज खराब हो सकता।

### खाद्य पदार्थों का जल्दी खराब होना

गर्म खाने को फ्रिज में रखने से फ्रिज के अंदर के तापमान अनबैलेंस हो जाता है जिसके कारण फ्रिज में रखे दूसरे भोजन जल्दी खराब हो सकते हैं। अगर तापमान 4डिग्री से ऊपर चला जाता है, तो खाद्य पदार्थों के भीतर बैक्टीरिया और कीटाणुओं का विकास तेजी से हो सकता है, जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। गर्म भोजन को फ्रिज में रखने से उसकी क्वालिटी और स्वाद पर भी प्रभाव पड़ सकता है। गर्म भोजन ठंडा



होते समय कंप्रेस्ड हो सकता है और इसकी बनावट और स्वाद दोनों प्रभावित हो सकता है। यह भोजन की पोषण वैल्यू को भी प्रभावित कर सकता है।

### फ्रिज के वेंटिलेशन को प्रभावित करना

गर्म खाना फ्रिज के वेंटिलेशन को प्रभावित कर सकता है। जब फ्रिज में गर्म खाना रखते हैं, तो वेंटिलेशन सिस्टम को अधिक काम करना पड़ता है, जिससे फ्रिज की एनर्जी खपत बढ़ सकती है और फ्रिज की लाइफ कम हो सकती है।गर्म खाने को तुरंत फ्रिज में रखने से फ्रिज में रखे और दूसरे भोजन की खराब होने की समस्या हो सकती है। अगर खाना बहुत गर्म होता है, तो फ्रिज के अंदर भाप और नमी उत्पन्न हो सकती है, जिससे दूसरे भोजन की खराब सकता है। इसके अलावा, गर्म खाना रखने से अन्य खाद्य पदार्थों के साथ क्रॉस-कंटैमिनेशन (संक्रमण) का खतरा बढ़ जाता है।



## बिस्तर में लेटे-लेटे करें एक्सरसाइज पूरे शरीर की चर्बी होती जाएगी कम

मोटापा एक बड़ी समस्या है। यह कई बीमारियों का कारण बन सकता है। बढ़ते वजन को समय रहते कंट्रोल करना जरूरी होता है वरना इसका आपकी सेहत पर बुरा असर हो सकता है। वेट लॉस के लिए लोग कई तरकीब आजमाते हैं। लेकिन, असल में हेल्दी डाइट और एक्सरसाइज, दोनों का सही बैलेंस वजन कम करने के लिए जरूरी है। काफी लोग आलस या टाइम की कमी के चलते जिम नहीं जा पाते हैं या घर पर भा एक्सरसाइज नहीं कर पाते हैं। ऐसे में हम आपको 2 ऐसी आसान एक्सरसाइज के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप बेड पर भी कर सकती हैं। ये पूरी शरीर को चर्बी को कम करती हैं। इस बारे में योगा एक्सपर्ट नताशा कपूर जानकारी दे रही हैं। वह सर्टिफाइड योगा टीचर हैं।

### प्लैंक एक्सरसाइज

इसे आप आसानी से बेड पर कर सकती हैं।इसे करने के लिए, सबसे पहले पेट के बल लेट जाएं। शरीर को एक सीध में रखें। हथेलियों और पंजों पर दबाव डालते हुए प्लैंक की पोजिशन में आ जाएं। शरीर को एक सीध में रखें।शरीर को ऊपर उठाकर प्लैंक की पोजिशन को कुछ देर होल्ड करें। आपके शरीर का भार पंजों और हाथों पर होना चाहिए। इसे आपको रोज 5 मिनट के लिए करना है। इसे करने से बेली फैट और आर्म फैट कम होता है।



यह एक्सरसाइज पूरे शरीर की चर्बी को कम करने में कारगर है। इससे मसल्स को मजबूती मिलती है।

### रिवर्स क्रंचेज

यह एक्सरसाइज भी बेड पर की जा सकती है। इसे करने के लिए बिस्तर पर कमर के बल लेट जाएं। अब बांहों को सीधा रखें और हथेलियों को नीचे की तरफ रखें।अब 90 डिग्री पर आप अपने घुटनों को बेंड करें और अपने पैरों को ऊपर की ओर उठाएं। आपको अपनी जांघों को फ्लोर से 90 डिग्री पर रखें।हथेलियों पर दबाव डालें और हिप्स को ऊपर की ओर उठाएं।घुटनों को सीने की तरफ करें। इसके बाद, हिप्स को वापिस नीचे की तरफ ले जाएं। इसी तरह से इसे दोहराएं। इस एक्सरसाइज को करने से पेट और हिप्स की चर्बी कम होगी। इससे जांघों की मांसपेशियों पर भी दबाव पड़ता है।

बिस्तर में लेटे-लेटे इन एक्सरसाइज को करने से आप आसानी से पूरे शरीर की चर्बी को कम कर सकती हैं। अगर आपको स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या है, तो हमें आर्टिकल के ऊपर दिए गए कमेंट बॉक्स में बताएं। हम अपने आर्टिकल्स के जरिए आपकी समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे।



रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 7987119756

INFOROB Believe in innovation
Learn Today, Lead Tomorrow-Your Future Star
Join our Technological Certified Courses
• Python • Artificial Intelligence • Robotics
• Block Coding • Web Design • Game Design
Admission Open Limited Seats Age Group 5 years and above.
Our Other Services :
• 1 Year internship for Diploma/ degree students
• Certificate Courses for Robotics and AI
• Summer & Winter Camp Workshop on Robotics
D 105, Guru Ghasidas Society, Priyadarshini Nagar, New Rajendra Nagar, Raipur, Chhattisgarh 492001
8721906433, 9862047382 Time : 5pm to 8pm Follow us : inforob_robotics

krishna vatika
Call and Booking Now
9406026313 9981002160
Facilities
•20000sq.ft. Lush Green Party Lawn.
•Parking Facility
Events
• Birthday party, Kitty Party, Wedding.
• Anniversary, Ring Ceremony
पता- समता परिसर के सामने लालपुर, रायपुर (छ.ग.)

Furniture'sway
अब डायरेक्ट फैक्ट्री से फर्नीचर बनवाएं
वह भी मार्केट से 10 से 30% कम दाम पर
Register now www.furnituresway.com 9826949400, 9826949402

CCTV | Biometrics | Fire Safety | Video Conf. | Networking & IT Solutions | Vehicle Traking
Fire Detection | Boom Barrier Gate Automn | Audio Conf | Smart Class Set up | Walky Talky | Smart Interative Panle
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com/+91 8435 000 880


पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

थोक रेट में रेडी स्टॉक
मेट्रेस हर साईज, हर मोटाई में, EP चैन कव्हर लगा, EP फोम (फोम)
गद्दा, सभी प्रकार के कव्हर, प्रोटेक्टर, सभी प्रकार के रूई गद्दा, तकिया,
बीन बैग, सोफा कमबेड, फाईबर तकिया, लोड
संजय रूई भंडार निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एमिनेम की बेटी ने बताया कैसे लगते है पिता के गाने, मॉकिंगबर्ड सुनकर आ जाता है रोना



मशहूर रैपर एमिनेम के नए गाने 'समबडी सेव मी' को उनके प्रशंसक पसंद कर रहे हैं। एमिनेम की बेटी हेली जेड स्मिथ ने हाल ही में, अपने पॉडकास्ट में अपने पिता के गानों पर बातचीत की है। उन्होंने बताया कि उन्हें पिता के गाने सुनकर कैसा लगता हैं। हेली जेड स्मिथ 'जस्ट ए लिटिल शेडी' नाम से एक पॉडकास्ट चलाती हैं। इसमें उन्होंने कहा कि बड़े होने के साथ-साथ उनका अपने पिता के गाए गानों को सुनना कम हो गया है। हेली ने कहा कि वो बिना आंसू छलकाए 'मॉकिंगबर्ड' गाने को नहीं सुन सकती हैं। पिता के नए गाने 'समबडी सेव मी' को लेकर भी उनका यही कहना था। हेली ने बताया कि एमिनेम के गाने 'टेम्परेरी' और 'समबडी सेव मी' में से वो 'टेम्परेरी' को सुनकर ज्यादा रोई थीं। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि दोनों ही गानों को सुनकर वो रो दी थी। उन्होंने कहा कि पिता के कुछ पुराने गानों को सुनना उनके लिए काफी मुश्किल है। एमिनेम की बेटी हेली 28 साल की है। उन्होंने अपने प्रेमी इवान मैकक्लिंटॉक से शादी की हैं। वो एक सोशल मीडिया पर्सनैलिटी हैं। उन्होंने अपने पॉडकास्ट 'जस्ट ए लिटिल शेडी' का नाम अपने पिता के हिट गाने 'द रियल स्लिम शेडी' की तर्ज पर रखा है। इस पॉडकास्ट में उन्हें पॉप कल्चर और उनके जीवन के बारे में बात करते हुए सुना जा सकता है।

### टॉलीवुड

## मलयालम एक्टर्स एसोसिएशन से अध्यक्ष मोहनलाल का इस्तीफा



मलयालम फिल्म उद्योग में यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर भूचाल आया हुआ है। निर्देशक रंजीत और अभिनेता सिद्दीकी के बाद अब अभिनेता मोहनलाल के नेतृत्व वाली मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया है। मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में इस वक्त भूचाल आया हुआ है। फिल्म इंडस्ट्री में यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद लगातार खलबली मची हुई है। अब मशहूर अभिनेता और कलाकारों के संघ, एएमएमए के अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे मोहनलाल ने भी पद से हटने का फैसला किया है। एक स्थानीय टीवी चैनल रिपोर्टर की एक रिपोर्ट में जानकारी देते हुए बताया गया है कि अभिनेता और उनके कार्यकारी सदस्यों ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, अभिनेता ने केरल के सीएम को अपने फैसले के बारे में सूचित कर दिया है। उनके इस फैसले के बाद जल्द ही एक आधिकारिक नोट जारी किया जाएगा। गौरतलब है कि उनका ये इस्तीफा एसोसिएशन में अभिनेताओं के खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोपों के बाद आया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, मोहनलाल ने उन सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने एसोसिएशन और इसकी समस्याओं की आलोचना की है। अभिनेता ने कहा है कि एएमएमए को जल्द ही नया प्रबंधन और नेतृत्व मिलेगा। अभिनेता मोहनलाल के नेतृत्व वाली मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दिया है। अभिनेता समेत सभी 17 कार्यकारी सदस्यों ने इस्तीफा दिया है। साल 2017 में अभिनेत्री उत्पीड़न मामले के बाद केरल सरकार की ओर से गठित न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट के बाद से हड़कंप मचा हुआ है। इस रिपोर्ट में मलयालम फिल्म उद्योग में महिलाओं के उत्पीड़न और शोषण के मामलों का खुलासा हुआ है, जिसके बाद रविवार को फिल्म उद्योग से दो इस्तीफे दिए गए। निर्देशक रंजीत ने केरल चलचित्र अकादमी के अध्यक्ष पद और अभिनेता सिद्दीकी ने ए.एम.एम.ए. (एसोसिएशन ऑफ मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स) के महासचिव पद से इस्तीफा दिया था।

### भोजपुरी

## जन्माष्टमी पर अक्षरा ने गाई सोहर नया गाना हुआ जमकर वायरल



कृष्ण जन्माष्टमी के खास मौके पर राधा-कृष्ण के भक्ति गीत खूब चले। इस मौके पर भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह का गाना सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। इसमें एक्ट्रेस राधा रानी के रूप में नजर आ रही हैं। अक्षरा सिंह अभिनय के साथ-साथ गायिकी का भी हुनर रखती हैं। उनके गाने खूब हिट होते हैं। अब जन्माष्टमी के अवसर पर उनका गाना 'शोर मची है जी शोर मची' है बवाल काट रहा है। इस गाने को 'हरि बोल' यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया गया है। जन्माष्टमी के त्योहार में यह गाना और रौनक जोड़ देगा। इसे अक्षरा सिंह ने गाया है। अक्षरा सिंह ने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट साझा कर गाना रिलीज होने की जानकारी फैंस को दी है। इसके साथ उन्होंने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई भी दी है। अक्षरा ने लिखा है, 'जन्में कृष्ण कन्हैया मोहल्ले में शोर मची है'। इसके अलावा लिखा है, 'जय श्री कृष्णा। हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की। श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं'। अक्षरा सिंह के गाने पर फैंस के कमेंट आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'आपके इस गाने ने हमारे त्योहार की रौनक बढ़ा दी है'। वहीं एक यूजर ने लिखा, 'गाना तो अच्छा है ही, आपका अंदाज भी गाने में खूबसूरत है'। अक्षरा सिंह भोजपुरी सिनेमा की चर्चित अदाकारा हैं।

'रेनबो' फैशन शो

लाइफ स्टाइल



लोटस मेक-अप इंडिया फैशन वीक नई दिल्ली का एक प्रतिष्ठित आयोजन बन चुका है। फैशन डिज़ाइन काउंसिल ऑफ़ इंडिया की यह पेशकश पिछली बार एक अनूठे ग्रैंड फिनाले के साथ पूरी हुई। यह एक शानदार 'रेनबो' फैशन शो था, जिसमें देश भर से 40 डिज़ाइनरों ने अपने कलेक्शन पेश किए। मॉडल्स ने रनवे पर बोल्ड डिज़ाइन के साथ वॉक किया।

## होंठों के लिए फायदेमंद है ये घरेलू स्क्रब जानें इसे बनाने और इस्तेमाल का तरीका

अगर आप भी अपने होंठों प्राकृतिक रूप से गुलाबी बनाना चाहते हैं तो आपको घरेलू स्क्रब के बारे में जानना चाहिए। स्क्रब आपके होंठों की त्वचा को एक्सफोलिएट करने और उन्हें मुलायम और स्वस्थ रखने के लिए एक प्रभावी उपाय है।

इस स्क्रब को तैयार करना काफी आसान है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक छोटे बाउल में शहद और चीनी को मिलाएं। इसे थोड़ी देर ऐसे ही रखे रहने दें, ताकि चीनी थोड़ी सी नर्म हो जाए। थोड़ी देर के बाद ये स्क्रब इस्तेमाल करने के लिए तैयार है।


### ऐसे करें इस्तेमाल

अब जब ये स्क्रब तैयार है तो इस स्क्रब को अपने होंठों पर हल्के हाथों से मसाज करते हुए लगाएं। लगाने के बाद 1-2 मिनट तक होंठों पर अच्छी तरह से मसाज करें। ध्यान रखें कि होंठों की मसाज आपको हल्के हाथ से ही करनी है। मसाज के बाद स्क्रब को एक गीले कपड़े या गुनगुने पानी से साफ कर लें।

इसके बाद आखिर में अपने होंठों पर कोई लिप बाम या नारियल का तेल लगाएं ताकि उन्हें नमी मिले। इस स्क्रब का इस्तेमाल आप हफ्ते में दो से तीन बार कर सकते हैं।

### मिलेंगे ये फायदे

इस स्क्रब के इस्तेमाल से आपको तमाम फायदे मिलेंगे। जैसे कि ये स्क्रब होंठों के कालेपन को दूर करने का काम करता है। इसके साथ-साथ इस स्क्रब में शहद मिले होने की वजह से ये होंठों को नमी और चमक प्रदान करता है।




## साड़ी से लेकर सूट के साथ में बेस्ट लगेंगे जूड़े, जानिए आसान तरीका



फैशन

स्टाइलिश दिखने के लिए सही कपड़े और एक्सेसरीज के अलावा लुक में जान डालने के लिए सही तरह का हेयर स्टाइल भी चुना जाना बेहद जरूरी होता है। बदलते फैशन के दौर में कई तरह के नए हेयर स्टाइल्स आपको देखने को मिल जाएंगे, लेकिन इसमें ट्रेडिशनल लुक के साथ में बन हेयर स्टाइल्स को सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है।

वहीं छोटी लेंथ होने के कारण बालों का जुदा कई लोग नहीं बना पाते हैं। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं साड़ी और सूट के साथ में बालों का बनाने के आसान तरीके। साथ ही, बताएंगे इन जुड़ा हेयर स्टाइल्स को स्टाइलिश लुक देने के आसान टिप्स-



### फ्रेंच बन हेयर स्टाइल

मिनटों में बालों का हेयर स्टाइल बनाना चाहती हैं तो हर तरह की लेंथ पर आसानी से फ्रेंच स्टाइल जुड़ा बन जाएगा। इसके लिए सबसे पहले आप बालों को दो भाग में बांट लें और एक के ऊपर एक 2 पोनीटेल बना लें। अब एक हिस्से के बालों को बैक कोंब करके बेस तैयार कर लें। आप चाहें तो इसके लिए स्टफिंग का ही इस्तेमाल कर सकती हैं। बैक कोंब करके बालों को यू-पिन की मदद से सेट कर लें। बचे हुए बालों के बाकी हिस्से से पहले वाले भाग को कवर कर लें। इसे पिंस की मदद से सेट करने के बाद फ्रेंच बन में आप मनपसंदहेयर एक्सेसरीका इस्तेमाल कर सकती हैं।

### फ्रंट ब्रेड बन हेयर स्टाइल

बन बनाने के लिए बालों को फ्रंट से भी स्टाइल किया जाना बेहद जरूरी होता है, ताकि आपका लुक कंप्लीट नजर आए। इसके लिए आप फ्रंट स्टाइलिंग के लिए लूज बटरफ्लाई ब्रेड बना लें। बची बालों की लेंथ को आप डोनट की मदद से यू-पिंस लगाकर सेट कर सकती हैं।

### मेसी लुक बन हेयर स्टाइल

बालों के लिए कम समय में सिंपल से ग्लैम और एलिगेंट लुक वाला जुड़ा बनाना चाहती हैं तो इस तरह के मॉडर्न हेयर स्टाइल आपके लिए बेस्ट रहेगा। इस तरह के बन हेयर स्टाइल को आप वेस्टर्न से लेकर ट्रेडिशनल वियर के साथ में बनाया जा सकता है।

## हाथों की सुंदरता बढ़ाने के लिए पहनें ऐसे ब्रेसलेट







हाथों की सुंदरता बढ़ाने के लिए हम अक्सर चूड़ी या कंगन खरीदते हैं। लेकिन हर ड्रेस के ऊपर यह चीजें अच्छी नहीं लगती है। इसके लिए आप हाथों में ब्रेसलेट को स्टाइल कर सकती हैं। ब्रेसलेट को आप एथनिक से लेकर वेस्टर्न हर तरह के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

### क्रिस्टल डिजाइन वाला ब्रेसलेट

आप अपने हाथों में क्रिस्टल डिजाइन वाला ब्रेसलेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको पूरे ब्रेसलेट में क्रिस्टल डिजाइन मिलेगा। इसके साथ ही, अगर आपको किसी बर्ड या फ्लावर का डिजाइन चाहिए तो ऐसा ब्रेसलेट भी मिल जाएगा। इस तरह के ब्रेसलेट एथनिक के साथ-साथ वेस्टर्न ड्रेस के साथ पहन सकते हैं। इस तरह के ब्रेसलेट आपको मार्केट में 100 से 200 रुपये में आर्टिफिशियल ज्वेलरी डिजाइन में मिल जाएंगे।

### स्टोन डिजाइन वाले ब्रेसलेट

आप अगर स्टोन पहनना पसंद करती हैं, तो इसके लिए आप स्टोन वर्क वाले ब्रेसलेट को खरीद सकती हैं। इस तरह के ब्रेसलेट डिजाइन आपको कई सारे स्टोन कलर और डिजाइन में मिल जाएंगे।

## सूट के साथ ट्राई करें खास नेल आर्ट डिजाइंस



हरतालिका तीज आने वाली है और इस मौके पर सूट या साड़ी को सबसे ज्यादा पहना जाता है। हरतालिका तीज के लिए खास नेल आर्ट अपनाने जानिए इसका सही तरीका-

### स्टोन नेल आर्ट डिजाइन

स्टोन में आपको कई तरह के डिजाइन और कलर ऑप्शन देखने को मिल जाएंगे। नाखूनों को फैंसी लुक देने के लिए आप किसी भी कलर का नेल पेंट लगाकर इस पर ग्लिटर ग्लू की मदद से स्टोंस को चिपका सकती हैं। स्टोन के साइज के लिए आप छोटे आकार को चुनें। ऐसा इसलिए क्योंकि छोटे नाखूनों पर बड़े साइज के स्टोन अच्छे नहीं लगते हैं।

### पेस्टल नेल आर्ट डिजाइन

सोबर लुक में नेल आर्ट ढूंढ रही हैं तो इस तरह से लाइट कलर वाले पेस्टल शेड के नेल आर्ट डिजाइंस को चुन सकती हैं। नेल्स को फैंसी टच देने के लिए आप ग्लॉस का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं आप चाहें तो बारीक शिमर पार्टिकल्स की मदद से भी हाथों के एक या दो नाखूनों को सजा सकती हैं।

### शिमर नेल आर्ट डिजाइन


शिमर वाले नेल्स देखने में बेहद खूबसूरत नजर आते हैं। इसके लिए आप नेल पोलिश भी मैट की जगह पर ग्लॉस या शाइन देने वाली ही इस्तेमाल करें। देखने में इस तरह के नेल्स बेहद खूबसूरत लुक देने का काम करते हैं। इस तरह से शिमर को लगाने के लिए आपको मार्केट में अलग से शिमर वाली नेल पोलिश मिल जाएगी। आप इसे अलग से भी ग्लू की मदद से लगा सकते हैं।

कार्नर न्यूज

### बारिश की विदाई और गर्मी की बेचैनी के बीच अपनाइए खास फैशन

## जींस के साथ ऐसे पहनेंगे प्रिंट तो लुक में मिलेंगे फुल मार्क्स, टॉप टिप्स आपके लिए

*जींस आपके फैशन स्टेटमेंट को परफेक्ट बनाती है। लेकिन आपको अभी भी लगता है कि उसमें और भी अच्छे दिख सकते हैं। अब बारिश जा रही है लेकिन गर्मी भी बरकरार है तो आपके लिए मौसम को देखते हुए भी डेनिम पहननी है। इस मौसम में आप प्रिंट भी जरूर पहनना चाहते होंगे। अगर आप जींस और प्रिंट को साथ में पहनना चाहते हैं, वो भी पर्फेक्ट्ली तो हम आपके लिए कुछ टिप्स ले आए हैं। ये टिप्स आपको प्रिंट और डेनिम का कॉम्बिनेशन करना सिखा देंगे।*



### कूल-कूल बेस कलर

डेनिम के साथ प्रिंट शर्ट चुननी है तो सबसे पहले इस शर्ट का बेस कलर बिल्कुल कूल वाला चुन लीजिए। कूल जैसे लाइट ब्लू, लाइट ऑलिव आदि। इस बेस कलर पर डार्क कलर का प्रिंट भी चलेगा। इस शर्ट को जींस में टक इन करके पहनें। लुक बेहद अच्छा आएगा।

### हल्के रंग की डेनिम

आपकी जींस अगर काले, नीले या किसी और रंग में भी हल्के शेड की है तो भी प्रिंटेड शर्ट का लुक अच्छा आता है। लेकिन तब आपको प्रिंट डार्क कलर के चुनने होंगे। इसके साथ सफेद स्नीकर भी कमाल करेंगे।

### एक सी कलर टोन

डेनिम जींस आपकी जिस भी कलर की है, शर्ट भी उसी कलर की चुनिए। शर्ट का बेस कलर जींस जैसा या फिर उससे कुछ हल्का होना चाहिए और इस पर हल्के रंग के प्रिंट हों तो लुक परफेक्ट आएगा।




### पेस्टल कलर चेक शर्ट

प्रिंट में पोल्का डॉट और चेक बेहद कॉमन हैं। लेकिन आप इन्हें भी चुन सकते हैं। आप इनके पेस्टल कलर में चुनाव कीजिए और इन्हें टक इन करके पहनिए। ये लुक आप पर अच्छा लगेगा ही।

### कैजुअल लुक के लिए

आपको कैजुअल लुक चाहिए तो जींस के साथ टाइप सेंट्रिक प्रिंटेड टीशर्ट पहनें। साथ में काले सनग्लासेज भी लगाए जा सकते हैं।